door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 285 | गुवाहाटी | गुरुवार, 16 मई, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मतदान में हिंसा पर ईसी का एक्शन, मुख्य सचिव और डीजीपी को किया तलब — पेज 2
प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल ने आईआईटी गुवाहाटी के निदेशक का पदभार ग्रहण किया — पेज 3
राजद का मतलब रिश्वतखोरी जंगलराज और दलदल : जेपी नड्डा — पेज 5
वेटलिफ्टर में दस लिफ्टर डोप में फंसे, पदक के लिए प्रतिबंधित शक्तिवर्धक... — पेज 7

शर्मा हार्डअवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

## सुप्रभात

*मनुष्य कितना भी बड़ा क्यो न बन जाए उसे हमेशा अपना अतीत याद करते रहना चाहिए।*
– ईश्वर चंद्र विद्यासागर

## चीन का बड़ा सर्वे : मोदी 430 सीटें... विपक्ष के उड़े होश



**नई दिल्ली / बीजिंग।** दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है भारत और यहां चुनाव चल रहे हैं। भारत के चुनाव पर दुनियाभर की निगाहें टिकी हैं। वहीं 2024 के चुनाव पर पड़ोसी देश चीन की भी नजर है। दरअसल, एलएसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की दो टूक के बाद तिलमिलाए चीन पीएम मोदी को निशाने पर लिया है। ग्लोबल टाइम्स ने हमला बोलते हुए कहा कि एलएसी पर पीएम मोदी का रुख नरम है। वो एलएसी को कम महत्व दे रहे हैं और उनकी ये नरमी चुनाव को लेकर है। उनका लक्ष्य 430 सीटें जीतना हैं। चीन का सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ये आरोप लगा रहा है कि चुनाव को लेकर पीएम मोदी बॉर्डर के मुद्दों पर चुप हैं। जबकि एस जयशंकर मुखर हो रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर के किस बयान से चीन तिलमिला उठा है उसके बारे में भी आपको बता देते हैं। एस जयशंकर ने कहा कि चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती असामान्य है और देश की सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। अब जो बदलाव आया, वह 2020 की घटना के बाद आया है। चीनियों ने 2020 में कई समझौतों का उल्लंघन करते हुए हमारी सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया और उन्होंने यह ऐसे वक्त किया जब हमारे यहां कोविड लॉकडाउन लागू था। गलवान घाटी झड़प में कुल 20 भारतीय सैन्य कर्मी शहीद हुए थे। भारत-चीन सीमा पर चार दशकों में यह सबसे भीषण झड़प थी। जयशंकर ने कहा कि भारत ने भी (सीमा पर) सैनिकों को तैनात कर जवाब दिया और -शेष पृष्ठ दो पर

## तीसरी बार भी मोदी ही बनेंगे भारत के पीएम : पाकिस्तानी उद्योगपति



**वाशिंगटन।** पाकिस्तान मूल के एक प्रसिद्ध अमेरिकी उद्योगपति ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बाल्टीमोर निवासी पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी साजिद तरार ने कहा कि मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी अच्छे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा कोई नेता मिलेगा। तरार ने से कहा कि मोदी एक शानदार नेता हैं। वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### अगर भाजपा को वोट देंगे तो मुझे जेल जाना होगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दी तो उन्हें जेल जाना होगा। केजरीवाल ने लोगों से विपक्षी दलों के गठबंधन *इंडिया* के उम्मीदवार को वोट देने -शेष पृष्ठ दो पर

### खदान में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला गया, एक की मौत

**झुंझुनू।** राजस्थान के झुंझुनू जिले में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में फंसे 15 अधिकारियों में से एक व्यक्ति की बुधवार को गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के रात भर के अभियान के बाद कोलकाता सतर्कता टीम के सदस्यों सहित अन्य 14 सदस्यों को बचा लिया गया। अधिकारी, जिनमें हिंदुस्तान -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएए के तहत 14 लोगों को दिए गए नागरिकता प्रमाण पत्र : गृहमंत्रालय



**नई दिल्ली।** सीएए को लेकर लोकसभा चुनाव में सियासी वार-पलटवार के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने इसके तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू कर दिया है। इस कानून के तहत बुधवार को पहली बार केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने दिल्ली में 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ ही देश भर के करीब 31 हजार गैर मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू हो गया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में सीएए बड़ा मुद्दा है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दल न सिर्फ इसका तीखा विरोध कर रहे हैं, बल्कि सत्ता में आने पर इस कानून को खत्म करने का वादा भी कर रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा सीएए का विरोध करने वाले दलों को हिंदू विरोधी बता कर लगातार पलटवार कर रही है। पार्टी नेता विपक्ष पर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा ने इस बार के अपने घोषणा पत्र में सीएए का वादा किया था। करीब दो महीने पहले कानून लागू होने के बाद शरणार्थियों को नागरिकता देने का सिलसिला शुरू कर भाजपा ने बीच चुनाव में ही अपना वादा पूरा कर दिया है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) इस साल 11 मार्च को देश में लागू -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी की गारंटी... वादा पूरा होने की गारंटी : शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीएए कानून के तहत नागरिकता सर्टिफिकेट दिए जाने पर कहा कि मोदी की गारंटीज्वादा पूरा होने की गारंटी है। आजादी के समय किए गए वादे को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करके दिखाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दशकों तक पीड़ित इन लोगों को न्याय और उनका अधिकार मिला है। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी शरणार्थी बहनों-भाइयों को मोदी सरकार सीएए से नागरिकता देकर रहेगी। सोशल मीडिया पर शाह ने आज के दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि आज दशकों का इंतजार समाप्त हुआ है और सीएए के माध्यम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़नाओं के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई बहनों-भाइयों को भारत की नागरिकता मिलनी शुरू हो गई है।

## मथुरा और वाराणसी में मंदिर बनाने के लिए 400 सीटों की जरूरत, पीओके भी लेंगे वापस : डॉ. शर्मा



**नई दिल्ली।** देश में लोक सभा चुनाव का चौथा चरण पूरा हो चुका है। वहीं, विपक्ष और सत्ता पक्ष द्वारा कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। 4 जून को लोक सभा चुनाव का रिजल्ट आना है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि जब भाजपा को 300 सीटें मिलीं, तो उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनाया और अब लोक सभा चुनाव में 400 सीटें मिलने के बाद मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि स्थल और वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के स्थान पर मंदिर बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) को भारत में शामिल किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर संसद में कोई चर्चा नहीं होती थी। हिमंत ने कहा कि जब कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, तो हमें बताया गया था कि एक कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

## हम राजकुमार नहीं, लोगों की सेवा करने के लिए हैं : सीजेआई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन (सर्वोच्च न्यायालय और संवैधानिक न्यायालयों के प्रमुखों की मीटिंग) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जज न तो राजकुमार हैं और न ही संप्रभु हैं। जज का काम सेवा करना है। हम सार्वजनिक पद पर बैठे पदाधिकारी हैं। सीजेआई ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद सुप्रीम कोर्ट के कामकाज का तरीका बदल गया। कोर्ट की पारदर्शिता बढ़ गई। उन्होंने कहा कि सही और सटीक जानकारी प्रदान कर हम फेक न्यूज से निपटने में सक्षम हैं। ब्राजील के संघीय सुप्रीम -शेष पृष्ठ दो पर

## शबाना आजमी *फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन* से सम्मानित



**लंदन (हि.स.)।** भारतीय सिनेमा और महिला अधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनेत्री शबाना आजमी को *फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन* के खिताब से सम्मानित किया गया। शबाना आजमी (73) वार्षिक *यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल* (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में थीं। सिनेमा में उनके 50 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शबाना आजमी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें पिछले सप्ताह एक समारोह में फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन से सम्मानित किया गया। फ्रीडम ऑफ द सिटी -शेष पृष्ठ दो पर

## मैंने कभी हिंदू या मुस्लिम नहीं कहा, मैंने गरीब परिवारों की बात की : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** अपनी *घुसपैठियों* और *अधिक बच्चों वाले* टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने केवल मुसलमानों के बारे में बात नहीं की, बल्कि हर गरीब परिवार के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि जिस दिन वह हिंदू-मुस्लिम करना शुरू कर देंगे कि सार्वजनिक जीवन के अयोग्य होगा। उन्होंने आगे कहा कि वह मुसलमानों के प्रति प्यार की मार्केटिंग नहीं करते कि मैं वोट बैंक के लिए काम नहीं करता। मैं सबका साथ, सबका विकास में विश्वास रखता हूं। आगे बढ़ते हुए उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं। आपसे किसने कहा कि जब भी कोई अधिक बच्चों वाले लोगों के बारे में बात करता है, तो यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि वे मुस्लिम हैं? आप मुसलमानों के प्रति इतने अन्यायपूर्ण क्यों हैं? गरीब परिवारों में भी यही स्थिति है। जहां गरीबी है, वहां बच्चे अधिक हैं, चाहे उनका सामाजिक दायरा कुछ भी हो। मैंने न तो हिंदू का जिक्र किया और न ही मुस्लिम का। मैंने कहा है कि व्यक्ति को उतने ही बच्चे पैदा करने चाहिए जितने की आप देखभाल कर सकें। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को कहा कि ऐसी स्थिति न आने दें कि सरकार को आपके बच्चों -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार : सड़क दुर्घटना में असम पुलिस के 30 जवान घायल, छह की हालत गंभीर



**गुवाहाटी/मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में जवानों से भरी बस और ट्रक में आमने-सामने की भिडंत हो गई। हादसे में असम पुलिस के 30 जवान घायल हो गए। घायल जवानों में करीब छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये सभी लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में जा रहे थे, तभी सकरा थाना क्षेत्र में एनएच-28 पर स्थित सबहा गांव के पास इनकी बस की ट्रक से टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों ने जवानों को पास के पीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एसकेएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया गया। असम पुलिस के जवान समस्तीपुर से चुनाव कराकर सारण जा रहे थे। इसी दौरान मुजफ्फरपुर जिले के -शेष पृष्ठ दो पर

## स्लोवाकिया के पीएम फिको के सीने और पेट में मारी गोली, हालत गंभीर



**ब्रातीस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर जानलेवा हमला किया गया है, यह हमला उस वक्त हुआ जब वह कैबिनेट मीटिंग के बाद वह लोगों को संबोधित कर रहे थे। हमलावर ने उन्हें मारने के लिए कई राउंड गोलियां चलाईं। फिलहाल उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री को गोली ठीक उसी तरह से मारी गई, जिस तरह से जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे को मारी गई थी, हालांकि रॉबर्ट फिको हालत कैसी है, इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। हमलावर एक था या उससे ज्यादा ये भी अभी तक साफ नहीं हो सका है। एक मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर

### आठ किलो सोना, 14 करोड़ कैश...

## नांदेड में 170 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति मिली



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड शहर में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां आईटी टीम ने भंडारी फाइनेंस व आदिनाथ कोऑरेटिव बैंक पर छापा मारा। इस कार्रवाई में 170 करोड़ रुपए की बेहिसाब संपत्ति मिली है, जिसमें 8 किलो सोना, 14 करोड़ कैश शामिल है। 14 करोड़ कैश को गिनने के लिए मशीने मंगवाई गई जिसके बाद भी गिनने में 14 घंटे लग गए। कार्रवाई लगातार 72 घंटे तक चली। फाइनेंस कारोबारियों में खलबली मच गई। नांदेड की भंडारी फैमिली के विनय भंडारी, आशीष भंडारी, संतोष भंडारी, महावीर भंडारी और पदम भंडारी का फाइनेंस बिजनेस है। यहां पर इनकम टैक्स को टैक्स चोरी होने की शिकायत मिली थी। इसी के चलते आयकर विभाग ने भंडारी फाइनेंस के ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में इनकम टैक्स की पुणे, नासिक, नागपुर, परभणी, छत्रपति संभाजीनगर औ नांदेड़ के सैकड़ों अधिकारियों ने संयुक्त रूप में छापेमारी की। टीम ने 10 मई शुक्रवार को नांदेड़ में भंडारी फाइनेंस व आदिनाथ कोऑपरेटिव बैंक पर रेड मारी। इस रेड के दौरान 100 से अधिक अधिकारियों की टीम ने छापेमारी की। आयकर विभाग की टीम ने नांदेड़ -शेष पृष्ठ दो पर

## मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार नौकर के घर मिला था 37 करोड़ कैश




**रांची।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची में जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंत्री के खिलाफ यह कार्रवाई उनके निजी सचिव (पीएस) संजीव लाल की घरेलू सहायिका से भारी नकदी बरामदगी के मामले में की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने जहांगीर आलम के घर से 35 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की थी। सारा पैसा ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण के टेंडर के बदले कमीशन का था। आज आलमगीर के जवाब से ईडी संतुष्ट नहीं होने पर एजेंसी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 35 करोड़ रुपए से ज्यादा कैश बरामद करने के बाद ईडी -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मतदान में हिंसा पर ईसी का एक्शन, मुख्य सचिव और डीजीपी को किया तलब



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में चुनाव बाद हुई हिंसा पर चुनाव आयोग ने कड़ा एक्शन लिया है। चुनाव आयोग ने हिंसा की घटनाओं को रोकने में प्रशासन की विफलता पर *व्यक्तिगत रूप से स्पष्टीकरण* देने के लिए राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को गुरुवार को तलब किया है। आंध्र प्रदेश में गत सोमवार को हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में हिंसा हुई थी। हिंसा के मद्देनजर चुनाव आयोग ने राज्य के शीर्ष अधिकारियों को 16 मई को दिल्ली कार्यालय तलब किया है। माना जा रहा है कि वर्ष 2019 के आम चुनावों की तुलना में इस बार चुनावी हिंसा ज्यादा हुई। सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और विपक्षी दल दोनों ने एक-दूसरे पर हिंसा का सहारा लेने का आरोप लगाया था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राज्य में मतदान के दिन हिंसा की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। आयोग शीर्ष अधिकारियों से जवाब-तलब करने और जानकारी जुटाने के बाद इस मामले में आगे कार्रवाई करेगा। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को याद दिलाया है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता अभी भी लागू है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस प्रमुख से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार शांतिपूर्ण और हिंसा मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से चुनाव क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि जब वे गुरुवार को यहां चुनाव आयोग मुख्यालय में उपस्थित होंगे, तो आंध्र प्रदेश के शीर्ष अधिकारियों से चुनाव के बाद की हिंसा को रोकने में प्रशासन की विफलता के कारणों को *व्यक्तिगत रूप से समझाने* के लिए कहा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि उनसे भविष्य में ऐसी किसी भी घटना से बचने के लिए उठाए जाने वाले एहतियाती कदमों के बारे में भी पूछा जाएगा। मंगलवार को आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में चुनाव बाद हिंसा की सूचना मिली, जहां सोमवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी और विपक्षी टीडीपी के नेताओं ने घटनाओं के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं।

# केंद्र से जितनी भी योजनाएं आती हैं वे सब ममता दीदी रोक देती हैं : नड्डा



**कोलकाता (हि.स.)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को बांकुड़ा जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र से जितनी भी योजनाएं बंगाल के लिए आती हैं, वे सब ममता दीदी रोक देती हैं ताकि बंगाल के लोगों को इसका लाभ न मिले। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से किसानों को दो-दो हजार रुपए हर चार महीने पर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के किसानों को नहीं मिल रहे हैं क्योंकि ममता बनर्जी ने उसे रोक दिया है। नड्डा ने कहा कि देश के गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का मुफ्त बीमा मिल रहा है जिसके तहत वे लाइलाज बीमारियों का इलाज करवा रहे हैं लेकिन ममता बनर्जी ने इसे बंगाल में लागू नहीं होने दिया। नड्डा ने कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी जब देश के प्रधानमंत्री बनेंगे तो आपका बिजली का बिल शून्य हो जाएगा। उन्होंने सोलर योजना का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे और बिजली बिल शून्य हो जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया में अर्थव्यवस्था बिगड़ी हुई है, अमेरिका की भी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है तब भारत लगातार विकसित हो रहा है। जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो जाएगी।

# पूसीरे का माल लोडिंग में वृद्धि जारी

**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) महीने दर महीने माल लोडिंग में लगातार वृद्धि दर्ज कर रही है। परिणामस्वरूप बीते वित्तीय वर्ष के दौरान 10.24 मिलियन टन (एमटी) माल लोडिंग हुआ। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने बुधवार को बताया है कि चालू वर्ष के अप्रैल माह के दौरान इस जोन में 0.844 एमटी लोडिंग हुआ। उक्त माह के दौरान कुछ वस्तुओं की लोडिंग में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। उसी माह के दौरान खाद्यान्न लोडिंग में 19.9 प्रतिशत, उर्वरक लोडिंग में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में पीओएल लोडिंग में 42.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि कंटेनर लोडिंग में 33.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गए बच्चे का चौथे दिन भी पता नहीं

**डिब्रूगढ़ (हिंस)।** तीसरी कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र पिछले चार दिनों से लापता है। छात्र का अपहरण हुआ है या कुछ और है, इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पीड़ित की पहचान डिब्रूगढ़ जिलांतर्गत टिंगखांग निर्वाचन क्षेत्र के बामुनपुखुरी गांव नंबर-2 के मोंटू घटोवार और सुनीता घटोवार के 8 वर्षीय पुत्र उमेश घटोवार के रूप में की गई। उमेश पिछले 12 मई से लापता बताया गया है। घर वालों ने बताया है कि वह अपने हमउम्र के साथ 12 मई की शाम को बामुनपुखरी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के लिए घर से निकला था। उसके बाद से उसका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। उमेश नपाम घुगुलनी प्राइमरी स्कूल का तीसरी कक्षा का छात्र है। पीड़ित के परिवार के सदस्यों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। बताया है कि उमेश को गत 12 मई को एक अजनबी के साथ घूमते हुए देखा गया था।

## गर्मी की वजह से तीन छात्रा हुई बेहोश



**बाक्सा (हिंस)।** बाक्सा जिले के सालबाड़ी इलाके में स्थित उत्तर गोवर्धन हाई स्कूल की तीन छात्राएं गर्मी की वजह से बुधवार को बेहोश हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर गोवर्धन हाई स्कूल की तीन छात्राएं बेहोश हो गई जिन्हें इलाज के लिए स्कूल की ओर से अस्पताल ले जाया गया। ज्ञात हो कि मंगलवार को भी इसी हाई स्कूल की 6 छात्राएं गर्मी की वजह से बेहोश हो गई थीं। लगातार दो दिनों में नौ छात्राओं का बेहोश होने की घटना को लेकर एबीएमएसयू ने नाराजगी व्यक्ति करते हुए कहा कि छात्रों के अनुपात में स्कूल में डेक्स-बेंच का अभाव है, जिसकी वजह से क्लासरूम में बच्चों को गर्मी काफी लग रहा है। गर्मी की वजह से पिछले दो दिनों में नौ बच्चे बेहोश हो गए है। स्कूल प्रबंधन को इस और ध्यान देना चाहिए।

## विलुप्त प्रजाति का कछुआ बरामद

**बाक्सा (हिंस)।** बाक्सा जिले के तामुलपुर वन विभाग कार्यालय अंतर्गत माहिरपारा इलाके से बरामद किए गए कछुआ को बुधवार को वन विभाग ने मनाह राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ दिया। वन विभाग ने बताया कि सुल्काई नदी में स्थानीय लोगों द्वारा मछली पकड़ने के दौरान एक विलुप्त प्रजाति का काफी बड़ा कछुआ स्थानीय लोगों द्वारा बरामद किया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही तामुलपुर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कछुआ को वन विभाग के कार्यालय लाया गया। जिसे आज मनाह राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ दिया गया है।

# पीओके हमारा है हम उसे लेकर रहेंगे : शाह

**कोलकाता (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में बुधवार को एक चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष के वादे पर सत्ता में आईं ममता अब मुल्ला, मदरसा और माफिया की तरफदारी कर रही हैं। शाह ने कहा कि यहां इमामों को महीने पर तनख्वाह दी जाती है, लेकिन पुजारियों और मंदिरों के रखवालों को कुछ नहीं मिलता। हालांकि ताजिया में कोई बाधा नहीं है, लेकिन दुर्गा पूजा और काली पूजा पर विसर्जन जुलूस निकालने में नियमित बाधाएं हैं। क्या इसे जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ममता सरकार दुर्गा पूजा रोकती है। इन्हें बिल्कुल वोट नहीं देना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। राहुल गांधी और ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ममता और कांग्रेस-सिंडिकेट का कहना था कि अनुच्छेद 370 मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। यह नरेंद्र मोदी का शासन है। पांच साल हो गए खून की नदियां बहाना छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। जब कांग्रेस-नीत यूपीए का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़ताल होती थी। आज पीओके में हड़ताल होती है, पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में आजादी वाली नारेबाजी होती है। पहले कश्मीर में पत्थरबाजी होती थी, आज पीओके में पत्थरबाजी होती है। शाह ने कहा कि दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों ने कश्मीर आकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है और पीओके में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला देश को डराने का काम कर रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके की बात मत करो। मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि राहुल, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने ममता को चेतावनी दी कि घोटालों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को नौ लाख करोड़ रुपए दिए जो ममता के भतीजे के गुंडे खा गए। सिर्फ मोदी जी ही राज्य को चिटफंड घोटाले, शिक्षक भर्ती घोटाले, नगर निगम भर्ती घोटाले, राशन घोटाले में डूबने से बचा सकते हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

## चीन का बड़ा ...

चार साल से गलवान में सैनिकों की तैनाती वाले सामान्य मोर्चों से आगे भारतीय सैनिक तैनात हैं। एलएसी पर यह बहुत ही असमान्य तैनाती है। इतना ही नहीं भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में मजबूती तभी आएगी जब बॉर्डर पर शांति होगी। एलएसी पर हिंदुस्तान जिस तरीके से चीन को जवाब दे रहा है, ये उसके गले नहीं उतर रहा है। चीन भूल गया है कि ये नया भारत है। जो शांति का दूत तो पहले की ही भांति है। लेकिन हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब देना पहले से भी कहीं बेहतर जानता है।

## तीसरी बार भी ...

पाकिस्तान का दौरा किया। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ संवाद और व्यापार शुरू करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी शांतिपूर्ण पाकिस्तान अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि हर जगह यही कहा जा रहा है कि *मोदी जी भारत के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे।* तरार 1990 के दशक में अमेरिका आकर बस गए थे और पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों से उनके अच्छे संपर्क हैं। उन्होंने कहा कि यह चमत्कार से कम नहीं है कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं और 2024 में भारत का शानदार उदय होते देख रहा हूं। आप भविष्य में देखेंगे कि लोग भारतीय लोकतंत्र से सीखेंगे।

## सीएए के तहत ...

हो गया था। नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। बाद में इस विधेयक को राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया था। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। सीएए को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

## मथुरा और वाराणसी ...

भारत में है और दूसरा पाकिस्तान में। हमारी संसद में कभी इस बात पर चर्चा नहीं हुई कि पाकिस्तान का *अधिकृत कश्मीर* है, वह वास्तव में हमारा है। इस वक्त पीओके में हर दिन आंदोलन हो रहा है और लोग हाथों में भारतीय तिरंगे लेकर पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर मोदी जी को 400 सीटें मिल गईं तो पीओके भी भारत का हो जाएगा और इसकी शुरुआत हो चुकी है। असम के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण को और अधिक मजबूती देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी खुद ओबीसी वर्ग से आते हैं। भाजपा 10 साल से सत्ता में है। हमारी सरकार आरक्षण को और मजबूती देने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है जिसकी शुरुआत उन्होंने कर्नाटक में कर दी है। इससे पहले, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में विरोध प्रदर्शनों पर प्रकाश डालते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दोहराया कि यह भारत रहा है और हमेशा रहेगा, उन्होंने कहा कि पीओके में लोग अपनी स्थिति की तुलना वहां रहने वाले लोगों से कर रहे होंगे। सोमवार को अवैध रूप से पीओजेके में तैनात पाकिस्तान पैरामिलिट्री रेंजर्स ने कई प्रदर्शनकारियों को गोलियों से भून दिया, जिससे दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में क्षेत्र के कई स्थानीय लोग घायल हो गए, क्योंकि हजारों की संख्या में स्थानीय लोग बिजली बिलों पर करों, सब्सिडी में कटौती और प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के भत्तों और विशेषाधिकारों को समाप्त करने के खिलाफ अपनी मांगों को उठाने के लिए सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे।

## हम राजकुमार नहीं...

कोर्ट (एसटीएफ) की अगुवाई में जी-20 शिखर सम्मेलन के इस मीटिंग का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय स्थिरता और बेहतर न्यायिक दक्षता के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हो रहे इस्तेमाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वकीलों के जरिए कोर्ट की सही जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाती है। सौभाग्य से आज के समय कानूनी पत्रकारों का एक मजबूत नेटवर्क है जो कार्यवाही की लाइव-रिपोर्टिंग करते हैं और दुष्प्रचार को दूर करने में मदद करते हैं। सीजेआई ने आगे कहा कि हम अपने निर्णयों के लिए एसयूवीएएस (सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर), एक मशीन लर्निंग, एआई-सक्षम अनुवाद उपकरण का उपयोग कर रहे हैं। 16 क्षेत्रीय भाषाओं में अब तक 36,000 से अधिक मामलों का अनुवाद किया जा चुका है। वहीं, महत्वपूर्ण संवैधानिक मामलों की लाइव स्ट्रीमिंग और यूट्यूब रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध हैं जो संपूर्ण संदर्भ प्रदान करती हैं।

## मैंने कभी हिंदू ...

का ख्याल रखना पड़े। में गोधरा के बाद हुए दंगों का जिक्र करते हुए जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, पीएम मोदी ने कहा कि उनके विरोधियों ने 2002 (गोधरा दंगों) के बाद मुसलमानों के बीच उनकी छवि *खराब* कर दी। यह मुद्दा मुसलमानों के बारे में नहीं है। भले ही व्यक्तिगत तौर पर मुसलमान मोदी के कितने भी समर्थक क्यों न हों, विचार की एक लहर है जो उन्हें निर्देशित करती है, *यह करो, वह करो।* मेरे घर में, मेरे आस-पास सभी मुस्लिम परिवार रहते हैं। आगे इसके बारे में बात करते हुए मोदी ने कहा, हमारे घर में ईद भी मनाई जाती थी और हमारे घर में अन्य त्यौहार भी होते थे। ईद के दिन हमारे घर में खाना नहीं बना। सभी मुस्लिम परिवारों से मेरे यहां खाना आता था। जब मुहर्रम शुरू हुआ तो हमें ताजिया के नीचे से निकलना होता था, ये सिखाया गया. मैं उसी दुनिया में बड़ा हुआ हूं। आज भी मेरे बहुत से दोस्त मुसलमान हैं। 2002 (गोधरा) के बाद मेरी छवि खराब हो गई थी। यह पूछे जाने पर कि क्या इस लोकसभा चुनाव में मुस्लिम उन्हें वोट देंगे, उन्होंने कहा कि देश की जनता मुझे वोट देगी। पीएम मोदी ने कहा कि जिस दिन मैं हिंदू-मुसलमान करना शुरू कर दूंगा, उस दिन मैं सार्वजनिक क्षेत्र में रहने का हकदार नहीं रहूंगा। मैं हिंदू-मुस्लिम नहीं करूंगा। यह मेरी प्रतिज्ञा है। पहले, प्रधान मंत्री मोदी ने राजस्थान में एक सार्वजनिक रैली में आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों का सोना और संपत्ति छीनना चाहती है और इसे उन लोगों के बीच वितरित करना चाहती है जिनके पास अधिक बच्चे हैं। सत्ता में आने पर धन का पुनर्वितरण करने की कांग्रेस की मंशा के बारे में रिपोर्टों का हवाला देते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि पार्टी एक सर्वेक्षण कराएगी और वे महिलाओं के पास मंगलसूत्र भी नहीं रहने देंगे और इस हद तक जाएंगे। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधानमंत्री इस निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं और रिकॉर्ड अंतर से जीत की उम्मीद कर रहे हैं। मौजूदा सांसद और भाजपा उम्मीदवार पीएम मोदी ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

## बिहार : सड़क दुर्घटना...

सकरा थाना क्षेत्र के एनएच-28 पर सामने से आ रही ट्रक से जवानों की बस की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस से कई जवान शीशा तोड़कर बाहर गिर गए। हादसे के समय बस में कुल 36 जवान सवार थे, जिसमें 30 घायल हो गए। हादसा होने के बाद पास के सबहा गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पास के पुलिस थाने को हादसे की सूचना दी और घायल जवानों को स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल छह जवानों को एसकेएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कुछ घायल जवानों का इलाज निजी अस्पतालों में भी चल रहा है। हादसे में ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि जब वह लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि जवान हाईवे पर घायल अवस्था में पड़े थे। चीख-पुकार मची हुई थी। घायल जवान दर्द के मारे हाईवे पर पड़े कराह रहे थे। आनन-फानन में हम लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सकरा थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं टक्कर के बाद बस और ट्रक के परखच्चे उड़ गए। घायल असम पुलिस के जवान उत्तम चड्डी ने बताया कि हम लोग चुनाव ड्यूटी कर समस्तीपुर से आ रहे थे और पांचवें चरण के चुनाव की ड्यूटी में सारण जा रहे थे। रास्ते में ट्रक से हम लोगों की बस की टक्कर हो गई। बस में कुल 36 जवान सवार थे। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही एसएसपी राकेश कुमार एसकेएमसीएच अस्पताल पहुंचे और गंभीर रूप से घायल जवानों का हाल जाना।

## शबाना आजमी फ्रीडम ...

ऑफ लंदन पुरस्कार लंदन या सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। आजमी ने कहा कि मैं फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं।

## स्लोवाकिया के पीएम...

रिपोर्ट की मानें तो पुलिस ने किसी व्यक्ति को हिरासत में लिया है। ये हमलावर है या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। स्लोवाकिया के पीएम को दो गोलियां लगीं हैं। एक गोली सीने में लगी है और दूसरी पेट में लगी है। बताया जा रहा है कि जिसमें पीएम पर हमला किया है वह व्यक्ति 71 साल का है, सुरक्षाबलों ने उसे गिरफ्त में ले लिया है। यह हमला क्यों किया गया, यह फिलहाल साफ नहीं हो सका है। हमला होने के तुरंत बाद सुरक्षाबल पीएम को अस्पताल ले गए, यहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उधर सुरक्षाबल आरोपी से पूछताछ करने में जुटे हैं। स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको पिछले साल ही अक्तूबर में चौथी बार देश के पीएम चुने गए थे। उन्होंने 22.94 प्रतिशत वोटों के साथ जीत दर्ज की थी। रॉबर्ट ने स्लोवाकिया के हितों को प्राथमिकता देने, यूक्रेन में सैन्य सहायता कम करने के वादे के साथ चौथी बार पीएम का पद संभाला था। रॉबर्ट को पुतिन का नजदीकी माना जाता है। स्लोवाकिया पूर्वी यूरोप का देश है, यह चारों तरफ से जमीन से घिरा है। यानी यह ऐसा देश है, जिसकी कोई भी सीमा समुद्र से नहीं मिलती। इस देश का क्षेत्र तकरीबन 50 हजार वर्ग किलोमीटर है। इसके पूर्व में यूक्रेन, पश्चिम में चेक गणराज्य, उत्तर में पौलेंड और दक्षिण में हंगरी है।

## नांदेड में 170 करोड़ ...

स्थित अली भाई टॉवर में भंडारी फाइनेंस लिमिटेड के ऑफिस, कोठारी कॉम्प्लेक्स स्थित ऑफिस, कोकाटे कॉम्प्लेक्स में स्थित तीन ऑफिस और आदिनाथ अर्बन मल्टीस्टेट को-ऑपरेटिव बैंक पर संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। इसके अलावा कई अन्य ठिकानों पर भी रेड मारी गई। इस छापेमारी के बाद भंडारी फैमिली में खलबली मच गई। यह पहली बार है जब आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ इस तरह की छापेमारी की। विभाग ने बीते शुक्रवार, शनिवार और रविवार तीन दिन तक रेड की प्रक्रिया जारी रखी। इस दौरान सभी दस्तावेजों की जांच की गई। 72 घंटे तक चली इस कार्रवाई में 170 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति जब्त मिली। विभाग को 8 किलो सोना और 14 करोड़ कैश मिला। फिलहाल आईटी की टीम अभी भी मामले की जांच कर रही है।

## मंत्री आलमगीर आलम...

ने संजीव कुमार लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। 6 मई को ईडी ने आलमगीर आलम के पीएस और अन्य करीबी सहयोगियों के आवास पर छापेमारी की थी। जब्त किए गए नोटों की गिनती देर रात तक जारी रही और कुल 35.23 करोड़ रुपए बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार, जहांगीर आलम ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया कि वह *कमीशन और रिश्वत से अर्जित धन* का केयरटेकर था, जिसके लिए उसे प्रति माह लगभग 15,000 रुपए का वेतन मिलता था। सूत्रों ने बताया कि मंत्री आलमगीर ने ही जहांगीर को अपने पीएस संजीव कुमार लाल के आवास पर नौकर के रूप में नियुक्त किया था। इससे पहले कुछ दिनों तक उसने मंत्री के आवास पर भी काम किया था। संजीव कुमार लाल ने उनके लिए रांची के सर सैयद रेजिडेंस अपार्टमेंट में एक फ्लैट किराए पर लिया था। सूत्रों ने कहा कि संजीव उसे हर एक या दो दिन में एक बैग या पैसों का बंडल देता था, जिसे वह इस फ्लैट की अलमारी में रखता था। ईडी ने संजीव के आवास से 10 लाख रुपए और उनकी पत्नी की कंस्ट्रक्शन कंपनी के पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के आवास से 2.93 करोड़ रुपए जब्त किए हैं।

## अगर भाजपा को ...

का आग्रह किया। इंडिया गठजोड़ के तहत *आप* और कांग्रेस दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ रही हैं। चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी अग्रवाल के पक्ष में मॉडल टाउन इलाके में रोड शो करते हुए केजरीवाल ने यह नारा भी दिया कि जो करे केजरीवाल को प्यार वो करे मोदी को इनकार। केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल से सीधे आपके बीच आया हूं। इन लोगों (भाजपा) ने मुझे सलाखों के पीछे डाल दिया और मुझे आपकी बहुत याद आई। मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। मैं जानता हूं कि आप भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं। मैं एक छोटा आदमी हूं। हमारी पार्टी छोटी है जिसकी दिल्ली और पंजाब में सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि मैं सोच रहा था कि मुझे जेल में क्यों डाला गया। मेरा दोष क्या है? ये लोग काफी शक्तिशाली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका *दोष* बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना, उनके लिए अच्छे स्कूल बनाना, मोहल्ला क्लिनिक खोलना और लोगों के लिए मुफ्त दवाओं की व्यवस्था करना है। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि अब वे कह रहे हैं कि मुझे फिर से जेल जाना होगा। यह आपके हाथ में है कि मैं जेल जाऊं या नहीं। यदि आप *कमल* (भाजपा का चिन्ह) चुनते हैं, तो मुझे वापस जेल जाना होगा। यदि आप इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को चुनते हैं, मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब आप वोट देने जाएं तो आपको ये सोचना होगा कि क्या केजरीवाल को जेल जाना चाहिए। जो करे केजरीवाल को प्यार वो करे मोदी को इनकार। उन्होंने अग्रवाल के लिए समर्थन मांगते हुए कहा कि इस बार आप और कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि जब वह जेल में थे तो उन्हें तोड़ने की कोशिश की गई कि लेकिन भगवान हनुमान के आशीर्वाद के कारण मैं मजबूत बना रहा। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम जमानत दी है।

## खदान में फंसे ...

कॉपर लिमिटेड की एक टीम के सदस्य शामिल थे, मंगलवार की रात कर्मियों को ले जाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली लिफ्ट के ढह जाने के बाद खदान में फंस गए। रात भर चले बचाव अभियान से कोलिहान खदान में 577 मीटर की गहराई में फंसे कर्मियों को बाहर निकाला गया। बचाए जाने के बाद गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जयपुर के एक अस्पताल ले जाया गया। झुंझुनू सरकारी अस्पताल के डॉक्टर प्रवीण शर्मा ने कहा कि खदान में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। उनमें से तीन की हालत गंभीर थी और उन्हें जयपुर रेफर किया गया है। झुंझुनू के सरकारी अस्पताल शीशराम के नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि किसी के हाथ तो किसी के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। सभी सुरक्षित हैं। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, बाकी सुरक्षित हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन सीढ़ी की मदद से किया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब विजिलेंस टीम कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण के लिए शाफ्ट के नीचे गई थी। पुलिस ने कहा कि जब वे ऊपर आने वाले थे, शाफ्ट या *पिंजरे* की रयूएससी टूट गई, जिसके कारण लगभग 14 अधिकारी फंस गए। नौ एंबुलेंस प्रवेश द्वार पर थीं और बचाव अभियान मंगलवार रात शुरू हुआ।

तापमान
अधिकतम 35⁰ | न्यूनतम 24⁰

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**लखीमपुर (हिंस)।** लखीमपुर जिले के गोगामुख के तुलसीबाड़ी इलाके में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय लोगों ने बुधवार को बताया कि कमल सुतिया (30) नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी शकुंतला बोरा सुतिया की हत्या कर दी। मृत महिला के गर्दन और मुख पर जख्म के निशान पाए गए। मृतक के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। महिला की हत्या करने के बाद शव को घर पास बांस के झुरमुट में लटकाया गया था। पुलिस इस मामले में कमल सुतिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर रही है। घटना की बीती देर रात लगभग 10 बजे के आसपास की बताई गई है।

# प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल ने आईआईटी गुवाहाटी के निदेशक का पदभार ग्रहण किया

### प्रो. जालिहाल आईआईटी गुवाहाटी को अत्याधुनिक अनुसंधान के केंद्र के रूप में विकसित करने की कल्पना करते हैं

**गुवाहाटी।** प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल ने आज, 15 मई 2024 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी में निदेशक का पद ग्रहण किया, उन्होंने प्रोफेसर राजीव आहूजा का स्थान लिया, जो नवंबर 2023 से आईआईटी गुवाहाटी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। इस नियुक्ति से पहले, प्रोफेसर जलिहाल ने आईआईटी मद्रास में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। आईआईटी गुवाहाटी के निदेशक के रूप में अपने उद्घाटन भाषण में, प्रोफेसर देवेंद्र जलिहाल ने भूमिका संभालने पर अपना सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईटी गुवाहाटी एक प्रतिष्ठित संस्थान है जिसे एनआईआरएफ रैंकिंग और 32 के उच्च अनुसंधान उद्धरण रैंक द्वारा लगातार शीर्ष 10 में स्थान दिया गया है। क्यूएस विश्व



रैंकिंग। देश के सबसे अधिक जैव विविधतापूर्ण और आर्थिक रूप से गतिशील स्थानों में से एक में स्थित, इस क्षेत्र में तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास, कौशल वृद्धि और औद्योगिक विकास का अनुभव हुआ है। क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता और इसके भीतर आईआईटी गुवाहाटी की रणनीतिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए, प्रोफेसर जालिहल ने उल्लेख किया कि गुवाहाटी के पास आगामी टाटा प्रायोजित सेमीकंडक्टर परीक्षण और पैकेजिंग उद्योग के साथ, आईआईटी गुवाहाटी क्षेत्र की तकनीकी प्रगति का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में एकमात्र आईआईटी के रूप में, संस्थान सभी हितधारकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करेगा। प्रोफेसर देवेंद्र जालिहाल ने बीटेक की उपाधि प्राप्त की। (ऑनर्स) 1983 में आईआईटी खड़गपुर से और अपनी पीएचडी पूरी की। 1992 में ड्यूक यूनिवर्सिटी, डरहम, यूएसए से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में। वह 1994 में आईआईटी मद्रास में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में शामिल हुए और 2016 से 2019 तक विभाग के प्रमुख (एचओडी) के रूप में कार्य किया। आईआईटी गुवाहाटी में अपनी भूमिका संभालने से पहले, प्रो. जलिहाल ने आईआईटी मद्रास में सेंटर फॉर आउटरीच एंड डिजिटल एजुकेशन की अध्यक्षता की, और संस्थान की सभी शैक्षिक आउटरीच गतिविधियों की देखरेख की। डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, वायरलेस संचार, वास्तविक समय आवाज और वीडियो संचार, और वायरलेस प्रौद्योगिकियों के सामाजिक अनुप्रयोगों में अनुसंधान रुचियों के साथ, प्रो. जालिहाल ने कम बिट-रेट वीडियो कांफ्रेंसिंग, सामरिक संचार प्रणाली, आपदा प्रबंधन संचार सहित कई परियोजनाओं में योगदान दिया है। सिस्टम, और उपग्रह संचार नेटवर्क। वह रणनीतिक संचार चुनौतियों पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ भी सहयोग करते हैं। आईआईटी गुवाहाटी प्रो. जलिहाल के दूरदर्शी नेतृत्व की आशा करता है और उनके मार्गदर्शन में बहुआयामी विकास की आशा करता है।

## पूर्वोत्तर की आशमा बेगम को मिला अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई महिला उद्यमी पुरस्कार




**गुवाहाटी।** नई दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई बिजनेस कॉन्क्लेव में आशमा बेगम ने सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई महिला उद्यमी पुरस्कार (पूर्वोत्तर से) प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टार इंटरनेशनल एमएसएमई बिजनेस फोरम द्वारा किया गया था। यह पुरस्कार महामहिम राजदूत सुरनाम, फिजी के राजदूत और वियतनाम के व्यापार वाणिज्यदूत, मारवाह फिल्म अकादमी के सीएमडी संदीप मावरा, पूर्व मंत्री भारत सरकार रविकांत गर्ग, मावरा स्टूडियो के सीएमडी संदीप मावरा, बांग्लादेश दूतावास के सीडीआर, भारत सरकार के बागवानी निदेशक और अन्य प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## मारवाड़ी महिला एकता मंच ने वरिष्ठ महिलाओं का किया सम्मान



**गुवाहाटी (विभास)।** मारवाड़ी महिला एकता मंच ने मातृ दिवस के उपलक्ष में समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद लिया कार्यकारी अध्यक्ष शारदा केडिया के नेतृत्व में सम्मान की कड़ी में श्रीमती सुलोचना नागोरी और श्रीमती पुष्पा शर्मा का उनके निवास स्थान पर जाकर उनका सम्मान किया फूलम गमछा से सम्मान कर उनकी आरती उतारी तथा फूलों की वर्षा की। फिर उनको उपहार भेंट दिया। तुलसी का पौधा देकर समान किया सभी ने मां स्वरूप महिलाओं के साथ खुशियां मनाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सलाहकार सरला काबरा उपाध्यक्ष मंजू पटनी सरिता भीमसरिया मंजू मुरारका चंदा सिकरिया निर्मला जांगिड़ सरोज शारडा आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

## शीमलिटोला जलजोली नदी में भारी मात्रा में तस्करी की लकड़ी जब्त



**नगरबेड़ा (विभास)।** ग्वालपाड़ा जिले में रंगजुली वन अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से तस्करी की लकड़ी की तस्करी चल रही है, ऐसे में वन विभाग की एक टीम ने आज नवागत शिमलिटोला बाजार के किनारे से सटी जलजोली नदी में बड़ी मात्रा में तस्करी की लकड़ी जब्त करने में कामयाबी हासिल की। ग्वालपाड़ा वन विभाग के वन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दास के नेतृत्व में और नवागत शिमलिटोला ब्लॉक वन विभाग की मदद से वन विभाग के अधिकारियों के एक समूह ने छापा मारा और बड़ी मात्रा में तस्करी की लकड़ी जब्त की। हालांकि छापेमारी करने वाली टीम किसी भी तस्कर को पकड़ नहीं पाई है। जब्त तस्करी की शॉल, सागौन की लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य 10 लाख रुपए बताया जा रहा है जब्त की गई तस्करी की लकड़ी को शिमलिटोला प्रखंड वन विभाग कार्यालय में रखा गया बताया जा रहा है।

## शक्तिआश्रम प्रांगण में दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ मना बिषुवा उत्सव

**कोकराझाड़ (विभास)।** शक्तिआश्रम आंचलिक बिषुवा उत्सव संचालन समिति ने दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ शक्तिआश्रम शिव मंदिर पांगण में बिषुवा उत्सव मनाया। कार्यक्रम के पहले दिन बिषुवा झंडा, सांस्कृतिक झंडा और आक्रासू का झांडा फहराया गया। इसके बाद शहीद तर्पण कार्यक्रम हुआ। शिव मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन के बाद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा सफाई अभियान चलाया गया। इस बीच बच्चों के बीच खेल-खुद, चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। बिषुवा माइन और बिषुवा सुंदरी कार्यक्रम का आयोजन भी किए गए। कार्यक्रम के बाद अंतिम दिन पुरस्कार वितरण का आयोजन किए गए। दीप प्रज्ज्वलन और सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन भी हुआ। इस कार्यक्रम में केएसी के चेयरमैन हितेश बर्मन, कार्यकारी सदस्य



करमेश्वर राय, आक्रासू के अध्यक्ष बलराम बर्मन, शक्तिआश्रम आंचलिक बिषुवा उत्सव संचालन समिति के अध्यक्ष विष्णुजोती राय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दस साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मोरीगांव (हिंस)।** मोरीगांव जिले के लाहरीघाट मोइराबाड़ी तथा गुवाहाटी में मोरीगांव पुलिस की टीम ने अभियान चलाकर दस साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुवाहाटी और मोरीगांव के लाहरीघाट में चलाए गए अभियान के दौरान 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, पैन कार्ड, लैपटॉप, फर्जी आधार कार्ड, बैंक पासबुक के अलावा अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि पहले भी दर्जनों साइबर अपराधी मोरीगांव जिले से गिरफ्तार किए जा चुके हैं। ऐसे अपराधियों के पास से हजारों की संख्या में मोबाइल फोन के सीम कार्ड और अन्य सामग्री जब्त की गई है। सूत्रों का मानना है कि मोरीगांव जिला राज्य में साइबर अपराधियों का गढ़ बन चुका है।

## कामरूप (मेट्रो) जिला विकास समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**गुवाहाटी (हिंस)।** कामरूप (मेट्रो) जिले में सरकारी विभागों के तहत लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आज जिला आयुक्त के कार्यालय बैठक कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कामरूप (मेट्रो) जिला विकास समिति के आयुक्त पारिजात भुइयां ने की। बैठक में संबंधित अधिकारियों और जिले के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कामरूप (मेट्रो) जिला




परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी धीरज दास ने भाग लेने वाले अधिकारियों और प्रतिनिधियों को निर्धारित समय के भीतर सरकारी योजनाओं को लागू किए जाने और पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पहले से लागू योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। संबंधित विभाग पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन विधि के माध्यम से अपने विभागों की सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की। इस अवसर पर कामरूप जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीप डेका, सहायक आयुक्त रिची वंदना गोगोई और अन्य उपस्थित रहे।

## अरुणाचल प्रदेश से एनएससीएन (आईएम) उग्रवादी गिरफ्तार

**ईटानगर (हिंस)।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के लकटोंग से एनएससीएन (आईएम) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। अरुणाचल पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लकटोंग में असम राइफल्स और असम पुलिस की एक टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कैडर की पहचान संगठन के स्वयंभू सार्जेंट वांगमुन खिम्हुन के रूप में हुई है। वह चांगलांग जिले के खिम्योंग के यानमन गांव का निवासी बताया गया है। उसे आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के लिए चांगलांग थाने को सौंप दिया गया।

## धिंग में लगी भीषण आग में अनेक घर जलकर राख

**नगांव (हिंस)।** नगांव जिले के धिंग राजस्व सर्किल के कठागुड़ी में बुधवार को लगी भीषण आग में लगभग 20 घर जलकर राख हो गया। खबरों के मुताबिक आग सबसे पहले इलाके के एक घर से लगी। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। लेकिन, फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंची। जिस कारण आग भड़क गई और लगभग 20 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ देर बाद धिंग, बटद्रवा, मोरीगांव और मोइराबाड़ी से दमकल की चार गाड़ियां पहुंची और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों द्वारा आहोम गांव थाने में रिपोर्ट कराने के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचने के कारण पुलिस के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। आग में अक्कास अली (45) नामक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे धिंग एफआरयू में भर्ती कराया गया।

## विश्वनाथ के शिवाजी संघ ने मैट्रिक व बारहवीं उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों का किया अभिनंदन



**विश्वनाथ (विभास)।** राज्य के अन्य हिस्सों की तरफ विश्वनाथ में भी मेधावी विद्यार्थी का सम्मान कार्यक्रम किया गया। इधर रविवार को विश्वनाथ के पाभोई रोड के बहु बाजार में स्थित शिवाजी संघ के प्रांगण में शिवाजी संघ द्वारा मैट्रिक व बारहवीं उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थी का फुलाम गामोछा तथा अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया। सर्वप्रथम शिवाजी संघ के पदाधिकारी तथा विशेष अतिथि को मंचासीन करवाया गया। शिवाजी संघ के अध्यक्ष अपूर्व कुमार दास के अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह का उद्देश्य व्याख्या दिंगत मित्र ने किया। इसके बाद सम्मान समारोह सभा का शुभारंभ नेताजी शाखा के स्वयंसेवक देवराज दास नेअमृत वाणी तथा शुभांकर रॉय ने *नवभारत युवाशक्ति संगम* नामक देशभक्ति गीत प्रस्तुति से हुआ। सम्मान समारोह में पदाधिकारी में से उपेन मंडल, लोहित भुइयां, विश्वजीत दास, अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अनंत ओझा, शिक्षक स्वपन सरकार, सम्मानित अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. सरजीत दास ने मेधावी छात्रों को भविष्य जीवन के उद्देश्य के साथ मानवीय गुणों पर विस्तार से प्रकाश डाले। इसके बाद मैट्रिक और बारहवीं परीक्षा, 2024 में प्रथम विभाग में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थी को फुलाम गामोछा तथा एक अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष अपूर्व कुमार दास ने सभी मेधावी विद्यार्थी को हार्दिक बधाई देते हुए गांव व देश का नाम उज्ज्वल करने की आशा व्यक्त की। अंत में राष्ट्रगान से सम्मान समारोह कार्यक्रम समापन हुई। इस मौके पर शिवासी संघ के कार्यकर्ता राजू दास, गणेश पाल, सूरज देब, देवव्रत सरकार, विश्वजीत दास और गांव के सक्रिय महिला मौजूद मौजूद थे।

## बीटीसी एआई एकीकरण में अग्रणी है

**कोकराझाड़।** एक अग्रणी कदम में बोड़ोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) ने राज्य में मीडियाकर्मियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर पहली बार सरकार प्रायोजित कार्यशाला का आयोजन करके पत्रकारिता में तकनीकी प्रगति को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। असम का कार्यशाला 15 मई को कोकराझाड़ में बीटीसी सचिवालय के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई थी। बीटीसी के मुख्य कार्यकारी सदस्य, प्रोमोद बोड़ो के दूरदर्शी नेतृत्व में, कार्यशाला एक गतिशील मंच के रूप में सामने आई, जिसका उद्देश्य मीडिया पेशेवरों को उनकी पत्रकारिता गतिविधियों में एआई का उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है। बीटीसी के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के नेतृत्व में कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया पेशेवरों के भीतर नवाचार और उत्कृष्टता को प्रज्ज्वलित करना है। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए, बीटीसी के सूचना और जनसंपर्क के संयुक्त सचिव रैक्टिम बुरागोहेन ने पत्रकारिता में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए परिषद की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यशाला का संचालन करते हुए, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के दीपांकर मंडल ने चैटजीपीटी, जेमिनी और टाइपसेट.आईओ जैसे एआई उपकरणों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की, जो मीडिया पेशेवरों की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। अपने परिचयात्मक भाषण में, बीटीसी के शिक्षा के लिए विशेष कर्तव्य अधिकारी, नीलोत्पल कश्यप ने पारंपरिक पत्रकारिता प्रथाओं को नया रूप देने में एआई के गहन प्रभाव को रेखांकित किया, जिससे नवाचार और दक्षता की एक नई सुबह की शुरुआत हुई। सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए, बीटीसी के आईपीआर विभाग के आरओ सह सीएचडी जाहिद अहमद तापदार ने मीडिया पेशेवरों को सशक्त बनाने और रिपोर्ताज की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए बीटीसी सीईएम की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यशाला में कोकराझाड़ जिले के 30 मीडियाकर्मियों ने भाग लिया, जो पत्रकारिता विशेषज्ञता और रुचियों के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते थे। उल्लेखनीय है कि, बीटीसी के तहत आईपीआर विभाग निकट भविष्य में बीटीसी के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत अन्य जिलों में भी इसी तरह की कार्यशाला आयोजित करने की योजना बना रहा है।

## महियसी महिला बिहू सम्मेलन का वार्षिकी कार्यक्रम संपन्न



**रंगिया (विभास)।** रंगाली बिहू की परम्परा को बनाएं रखने में अपनी भूमिका निभाते हुए बैद्यगढ़ महियसी महिला बिहू सम्मेलन ने पिछले पांच वर्षों की तरह इसबार भी बिहू कार्यक्रम का आयोजन किया। तोरोनी आरिमत्तों मिनी स्टेडियम प्रांगण में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सफाई अभियान के साथ प्रात: 6 बजे किया गया। इसके पश्चात समिति की अध्यक्क्षा शिप्रा दास द्वारा बिहू ध्वजारोहण और इसके पश्चात भेक्शन प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता, उरुली ध्वनि और शंख ध्वनि प्रतियोगिता, पाक कला प्रतियोगिता सहित दोपहर 2 बजे से बिहू नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर संध्या समय बिहू नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता तथा दुलु भुइयां, रंगिया पौरसभा के उपाध्यक्ष विद्युत डेका सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति और सहयोगिता के लिए समिति की अध्यक्षा शिप्रा दास, सचिव पूर्णिमा डेका सहित उपाध्यक्ष रीता भुइयां, सहायक सचिव बिनीता दास और नीलिमा लहकर, कोषाध्यक्ष मीनू कलिता, बबीता राजबंशी, रीना कलिता और मीनू राजबंशी, हिसाब परीक्षक मोनिका कलिता और सबिता कलिता व सभी पदाधिकारियों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया है।

## मेरापानी में पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

**जोरहाट (हिंस)।** पुलिस ने मेरापानी में पिस्तौल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जोरहाट पुलिस की एक बड़ी टीम ने मेरापानी पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में दो युवकों, बालिन गोगोई और गोपाल कछारी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों के पास से .22 पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि दोनों युवक लंबे समय से बाइक चोरी की घटनाओं में शामिल थे। मंगलवार की रात जोरहाट पुलिस के डीएसपी कौशिक कलिता के नेतृत्व में एक टीम ने छापा मारा और असम-नगालैंड सीमा पर कोलाजान से दोनों लोगों को गिरफ्तार किया।

## मायुमं, नगांव समृद्धि शाखा ने मनाया मातृ दिवस

**नगांव (निसं)।** मारवाड़ी युवा मंच नागांव समृद्धि शाखा ने रविवार को मातृ दिवस का आयोजन श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर के नवनिर्मित हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित कर किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्यार और आनंद से भरा वातावरण बनाया गया। इस कार्यक्रम में कई रोमांचक गतिविधियां शामिल थीं, जैसे की टच एंड फील खेल, मैच बॉक्स का खेल, तांबोला, और रैंपवॉक, जो सभी मां की महत्वाकांक्षा और सम्मान करने के लिए डिजाइन किए गए थे। दिल को छू लेने वाला पल था, जहां बहुओं ने अपनी सासु मां के साथ मंच पर उतरकर एक-दूसरे के साथ विशेष बंधन का जश्न मनाया, परिवार में एक बहू और सासु मां के बीच विशेष बंधन का प्रतीक, जो परिवार




की एकता और प्यार को दर्शाता है। यह इस आयोजन को एक अद्वितीय और स्पर्शीय छुआव जोड़ता है। पारिवारिक रिश्तों की महत्वपूर्णता और मां की भूमिका को बढ़ावा देता है जो अपने परिवार को पोषण और समर्थन प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने उत्साहजनक खेल और तांबोला का आनंद लिया, जिसने उत्साह और आनंद का तत्व जोड़कर जश्न को विशेष बनाया। रैंपवॉक सेगमेंट में बहुत से प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी शैली और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। संपूर्ण रूप से, मारवाड़ी युवा मंच नागांव समृद्धि शाखा द्वारा आयोजित मातृ दिवस का कार्यक्रम की सभी सासु मांओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए खूब आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समृद्धि शाखा की सलाहकार रिंकू गिदड़ा के साथ कार्यक्रम संयोजिका अंजू गगड़, सारिका झवंर, पूनम बगड़िया, दीपमाला बोकड़िया एवं कोषाध्यक्ष मुस्कान जाजोदिया का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम की सफलता हेतु सचिव सपना पेड़ीवाल एवं अध्यक्ष ममता सिंघी ने सभी सदस्याओं, माता एवं सासु मां को धन्यवाद दिया है। यह जानकारी समृद्धि शाखा की जनसंपर्क अधिकारी पिंकी नागरका ने दी ।

संपादकीय

# आम आदमी पार्टी और विवादों का इतिहास

**राजनीतिक** बदलाव और शुचिता के सपने दिखाकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी के साथ ऐसे विवादों की श्रृंखला जुड़ गई है, जो उसे अन्य राजनीतिक दलों से भी पीछे पहुंचा देती है। अभी नवीनतम प्रकरण मुख्यमंत्री के आवास पर महिला नेता के साथ मारपीट और बदसलूकी का है। यह कोई साधारण महिला नेता के साथ हुआ घटनाक्रम नहीं है अपितु राज्यसभा सांसद का मामला है। सांसद स्वाति मालीवाल पार्टी की समर्पित नेता हैं। जरा सोचिए, आम आदमी पार्टी में किस प्रकार का वातावरण है कि एक समर्पित नेता एवं राज्यसभा सांसद ही सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को इतनी ताकत कहाँ से मिली होगी कि उन्होंने स्वाती मालीवाल जैसी वरिष्ठ नेता के साथ बदसलूकी करने का दुस्साहस दिखाया? यह एक गंभीर मामला है, इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। पहले तो इस घटना पर पर्दा डालने का प्रयास हुआ लेकिन स्वाती मालीवाल द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला हाथ से निकल गया, तब आआपा की ओर से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लीपा-पोती करने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सामने आकर माफी माँगनी चाहिए। उनके आवास पर, उनके ही निजी सचिव ने एक महिला नेता का अपमान किया है। संजय सिंह ने कहा है कि "यह बहुत ही निंदनीय घटना है। पार्टी ने इस मामले में संज्ञान लिया है। हम कठोर कार्रवाई करेंगे"। देखना होगा कि दुनियाभर में महिलाओं के सम्मान की बात करनेवाले अरविंद केजरीवाल अपने ही घर में महिला सांसद के साथ हुई मारपीट के मामले में कब तक कठोर कार्रवाई करते हैं? फिलहाल तो उन्होंने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल की चुप्पी ही बहुत सारी कहानियों को जन्म दे रही है। उल्लेखनीय है स्वाती मालीवाल के साथ अभद्रता करनेवाले विभव कुमार और मुख्यमंत्री केजरीवाल की दोस्ती वर्षों पुरानी है। साल 2015 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बने विभव कुमार लंबे समय से उनके साथ हैं। देखना होगा कि मुख्यमंत्री अपने मित्र को बचाते हैं या महिला के सम्मान में न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं? याद रखें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर मारपीट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2018 में दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव अंशु प्रकाश को मुख्यमंत्री आवास पर पीटा जा चुका है। मुख्य सचिव अंशु प्रकाश ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया, विधायक अमानतुल्लाह खान सहित 12 लोगों के विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया था। अपनी शिकायत में आईएएस अंशु प्रकाश ने कहा था उन्हें विज्ञापन से संबंधित एक बैठक में बुलाया गया था। इसी बैठक में विधायक अमानतुल्लाह खान समेत अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट की थी। न्यायालय ने इस मामले में अमानतुल्लाह खान और प्रकाश जारवाल को दोषी ठहराया था जबकि बाकी सभी लोगों को बरी कर दिया था। यह दो प्रकरण बताते हैं कि आआपा ने एक अलग प्रकार का कार्य वातावरण बना दिया है, जहाँ कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी से लेकर राज्यसभा सांसद तक के साथ मुख्यमंत्री आवास पर मारपीट की जा सकती है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। यह एक तरह की अराजकता है। स्मरण रहे कि अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पार्टी पर पूर्व में अराजकता बढ़ावा देने के आरोप भी लगते रहे हैं।

आम आदमी पार्टी के साथ ऐसे विवादों की श्रृंखला जुड़ गई है, जो उसे अन्य राजनीतिक दलों से भी पीछे पहुंचा देती है। अभी नवीनतम प्रकरण मुख्यमंत्री के आवास पर महिला नेता के साथ मारपीट और बदसलूकी का है। यह कोई साधारण महिला नेता के साथ हुआ घटनाक्रम नहीं है अपितु राज्यसभा सांसद का मामला है। सांसद स्वाति मालीवाल पार्टी की समर्पित नेता हैं। जरा सोचिए, आम आदमी पार्टी में किस प्रकार का वातावरण है कि एक समर्पित नेता एवं राज्यसभा सांसद ही सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को इतनी ताकत कहाँ से मिली होगी कि उन्होंने स्वाती मालीवाल जैसी वरिष्ठ नेता के साथ बदसलूकी करने का दुस्साहस दिखाया? यह एक गंभीर मामला है, इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। पहले तो इस घटना पर पर्दा डालने का प्रयास हुआ लेकिन स्वाती मालीवाल द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला हाथ से निकल गया, तब आआपा की ओर से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लीपा-पोती करने की कोशिश की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सामने आकर माफी माँगनी चाहिए। उनके आवास पर, उनके ही निजी सचिव ने एक महिला नेता का अपमान किया है। संजय सिंह ने कहा है कि "यह बहुत ही निंदनीय घटना है। पार्टी ने इस मामले में संज्ञान लिया है। हम कठोर कार्रवाई करेंगे"।

## केंद्र की राज्यों को आईसीयू में भर्ती ब्रेन स्टेम डेड मरीजों के लिए जताई सलाह

# अंगदान बढ़ाने का उचित प्रयास

**प्रमोद भार्गव**

केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि राज्यों के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कक्षों में मृत मस्तिष्क कोशिका (ब्रेन स्टेम डेड) संबंधी जो मरीज हैं, उन्हें निगरानी में लेने की जरूरत है। ऐसे मरीजों के रोग का उचित सत्यापन नहीं होने के कारण देश में अंगदान की दर कम बनी हुई है। क्योंकि फिलहाल 10 लाख लोगों में से केवल एक व्यक्ति अंगदान कर पा रहा है। अतएव मृत स्तंभ कोषिका वाले मरीजों और अंग प्रत्यारोपण की जरूरत रखने वाले रोगियों को आपस में जोड़कर अंगदान की एक मजबूत प्रणाली विकसीत करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को 'मानव अंग प्रत्यारोपण ऊतक अधिनियम 1994' के अंतर्गत अंजाम दिया जाएगा।

**अंगदान** महादान है, इस दिशा में सार्थक भागीरथी प्रयास करते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों को निर्देश दिया है कि राज्यों के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) कक्षों में मृत मस्तिष्क कोशिका (ब्रेन स्टेम डेड) संबंधी जो मरीज हैं, उन्हें निगरानी में लेने की जरूरत है। ऐसे मरीजों के रोग का उचित सत्यापन नहीं होने के कारण देश में अंगदान की दर कम बनी हुई है। क्योंकि फिलहाल 10 लाख लोगों में से केवल एक व्यक्ति अंगदान कर पा रहा है। अतएव मृत स्तंभ कोषिका वाले मरीजों और अंग प्रत्यारोपण की जरूरत रखने वाले रोगियों को आपस में जोड़कर अंगदान की एक मजबूत प्रणाली विकसीत करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को 'मानव अंग प्रत्यारोपण ऊतक अधिनियम 1994' के अंतर्गत अंजाम दिया जाएगा। केंद्र सरकार अंग प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए एक राष्ट्र एक नीति लागू करने का प्रविधान करने की कोषिष में भी है। अंगदान और उसका प्रत्यारोपण देश के किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है। भारत सरकार ने निवास प्रमाण-पत्र की बाध्यता को हटाते हुए उम्र की सीमा की बाध्यता भी खत्म कर दी है। अंग प्राप्त करने के लिए अब जरूरतमंद रोगी किसी भी राज्य में अपना पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण के लिए अब मरीजों से कोई शुल्क भी नहीं लिया जाता। मालूम हो तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल जैसे राज्य अंगदान के पंजीकरण के बहाने पांच हजार से 10 हजार रुपए के बीच षुल्क ले रहे थे। केंद्र सरकार द्वारा बदले नियमों के बाद अब 65 साल और उससे अधिक उम्र के मरीज भी मृतकदाता से अंग प्राप्त करने हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन की वेबसाइट पर सभी दिषा-निर्देष उपलब्ध हैं। बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है, जिसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए जरूरी है कि स्तंभ कोषिकाओं के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाया जाए। भारत में मिलावटी खान-पान और सड़क दुर्घटनाओं के चलते लोगों के जीवनदायी अंग खराब हो रहे हैं। गोया, पांच लाख लोगों की मौत अंगों की अनुपलब्धता के चलते प्रतिवर्श हो जाती है। दो लाख यकृत, 50 हजार ह्नदय और डेढ़ लाख लोग गुर्दा संबंधी बीमारियों से प्रति वर्ष काल के गाल में समा जाते हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कई लोग अपना गुर्दा दान देने लगे हैं। लेकिन पूरे साल में पांच हजार रोगियों को ही गुर्दा दान में मिल पाता हैं। इनमें 90



फीसदी गुर्दे महिलाओं के होते हैं। भविश्य में महिलाओं को अंगदान न करना पड़े इसके लिए अंगों का कृत्रिम तरीके से उत्सर्जन किया जाना जरूरी है। वैसे किसी स्वस्थ व्यक्ति की प्राकृतिक मृत्यु होने पर उसके अंगों से आठ लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति के यकृत, गुर्दे, आंत, अग्नाश्य, आंखें, ह्नदय और फेफड़ों जैसे अंगों के अलावा त्वचा और हड्डी के ऊतकों का दान आसानी से किया जा सकता है। मानव त्वचा से महज एक स्तंभ कोशिका (स्टेम सैल) को विकसित कर कई तरह के रोगों के उपचार की संभावनाएं उजागर हो गई हैं। माना जा रहा है कि यदि स्तंभ कोशिका मानव शरीर के क्षय हो चुके अंग पर प्रत्यारोपित करने से अंग विकसित होने लगता है। करीब दस लाख स्तंभ कोशिकाओं का एक समूह सुई की एक नोक के बराबर होता है। ऐसी चमत्कारी उपलब्धियों के बावजूद समूचा चिकित्सा समुदाय इस प्रणाली को रामबाण नहीं मानता। शारीरिक अंगों के प्राकृतिक रूप से क्षरण अथवा दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने की प्रणाली में अभी और बुनियादी सुधार लाने की जरूरत है। इधर वंशानुगत रोगों को दूर करने के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का भी दवा के रूप में इस्तेमाल शुरू हुआ है। इस हेतु गर्भनाल रक्त बैंक भी भारत समेत दुनिया में वजूद में आते जा रहे हैं। इस चिकित्सा प्रणाली के अंतर्गत प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद यदि इससे प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का संरक्षण कर लिया जाए तो इनसे परिवार के सदस्यों का दो दशक बाद भी उपचार संभव है। इन कोशिकाओं का उपयोग दंपत्ति की संतान के अलावा उनके भाई-बहन तथा माता-पिता के लिए भी किया जा सकता है। गर्भनाल से निकले रक्त को शीत अवस्था में 21 साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है। लेकिन इस बैंक में रखने का शुल्क कम से कम एक-डेढ़ लाख रुपए है। ऐसे में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि गरीब लोग इन बैंकों का इस्तेमाल कर पाएंगे? सरकारी स्तर पर अभी इन बैंकों को खोले जाने का सिलसिला शुरू ही नहीं हुआ है। निजी अस्पताल में इन बैंकों की शुरुआत हो गई है और 75 से ज्यादा बैंक अस्तित्व में आकर कोशिकाओं के संरक्षण में लगे हैं। इस पद्धति से जिगर, गुर्दा, ह्रदय रोग, मधुमेह और स्नायु जैसे वंशानुगत रोगों का इलाज संभव है। महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले जिस रक्त को रिवाजों के मुताबिक अशुद्ध माना जाता है, उसमें दरअसल जीवन को निरोगी और दीर्घायु बनाने की क्षमता पाई गई है। नए शोधों से पता चला है कि इस रक्त में स्तंभ कोशिकाएं प्रचुर मात्रा में होती हैं। जिनका उपयोग अनेक बीमारियों में किया जा सकता है। मुबंई में इन कोशिकाओं के संरक्षण की दृष्टि से 'मेन्स्टुअल स्टेम सेल' बैंक भी शुरू हो चुका है। शोधों से पता चला है कि रजस्वला स्त्री के रक्त से मिलने वाली स्तंभ कोशिकाओं में सफलता की संभावना अस्थि मज्जा से निकाली गई कोशिकाओं की बनिस्वत सौ गुना अधिक होती है। इनके संग्रह के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ की भी जरूरत नहीं होती। महिलाएं माहवारी के समय एक किट में रक्त को एकत्रित करके किट बैंक में जमा करा सकती हैं। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण भी शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला ने अपनी मां के गर्भाशय का प्रत्यारोपण कराकर बच्ची को जन्म दिया है। रियो-डि-जेनेरियो में तो एक मृत महिला के गर्भाशय का प्रत्यारोपण 32 वर्षीय महिला के शरीर में कराकर एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। महिलाओं की इस विलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार माना जा रहा है। लेकिन स्तंभ कोशिकाओं से उपचार की ये प्रणालियां अभी शैशव अवस्था में हैं। उपचार भी महंगा है। इस कारण जिगर और गुर्दे की बीमारियों को प्रत्यारोपण के जरिए ही दूर करने की सबसे ज्यादा मांग है। इसकी आपूर्ति के लिए सरकार की कोशिश है कि शवों (दिमागी तौर पर मृत लोगों के शव) से अंग प्राप्त किए जाएं। यह प्रत्यारोपण के लिए अंगों की आपूर्ति का सबसे अच्छा माध्यम है, जिसे लोगों में जागरूकता पैदा करके पूरा किया जा सकता है। देश में हर साल 50 हजार लोग ह्रदय प्रत्यारोपण के इंतजार में रहते हैं। इनमें से महज 10-15 लोगों का ही ह्रदय प्रत्यारोपण हो पाता है। देश में अंग प्रत्यारोपण के जरूरतमंद लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस पर मुस्लिमों को आरक्षण व संपत्ति देने का आरोप और सच

**मुस्लिम** आरक्षण इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि वह अनुसूचित जाति - जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण हटाकर मुसलमान को देना चाहती है। कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष और भाजपा विरोधी कह रहे हैं कि मोदी और भाजपा देश में हिंदू मुस्लिम के नाम पर चुनाव में ध्रुवीकरण चाहते हैं जो सरेआम सांप्रदायिककरण है। अगर चुनाव में किसी संप्रदाय पर हमला किया जाए या उसके विरुद्ध दूसरे संप्रदाय को भड़काया जाए तो यह सांप्रदायिकता की श्रेणी में आएगा और इसके लिए चुनाव कानून ही नहीं सामान्य कानूनों में भी मुकदमा चलाने तथा सजा देने का प्रावधान है। प्रश्न है कि क्या प्रधानमंत्री ने जो आरोप लगाया उसे चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने का षड्यंत्र मान लिया जाए या उसके पीछे तथ्य भी हैं? कांग्रेस के नेता और प्रवक्ता प्रधानमंत्री पर हमले कर रहे हैं किंतु यह कहने को तैयार नहीं है कि वह मुसलमानों को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस यह भी स्पष्ट नहीं करती कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण के विरुद्ध है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का वचन देते हुए यह सुनिश्चित करने की घोषणा करती है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले तो इसलिए मंशा पर प्रश्न उठता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि है। कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुसलमानों को आरक्षण देने की पहल की है। चूंकि धर्म के आधार पर आरक्षण मान्य नहीं था, इसलिए अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण में से ही कर्नाटक में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया। केंद्र में यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान आंध्रप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण देने का कानून बना दिया। यह विषय सुप्रीम कोर्ट तक गया और कांग्रेस के सभी नामी वकीलों ने इसमें पैरवी की। आज भी अनुसूचित जनजाति से धर्म परिवर्तन कर मुसलमान या ईसाई बनने वालों को आरक्षण का लाभ मिलता है। वे अल्पसंख्यक होने का भी लाभ पाते हैं और अनुसूचित जनजाति का भी। कांग्रेस यह तो कह रही है कि इसमें मुस्लिम शब्द कहीं नहीं है पर अल्पसंख्यक का अर्थ क्या है? यूपीए सरकार के दौरान मुसलमानों को आरक्षण कांग्रेस की नीति में शामिल हुआ। मनमोहन सरकार ने सत्ता में आने के बाद सच्चर समिति गठित की, जिसने अपनी रिपोर्ट में मुसलमानों की स्थिति की भयावह तस्वीर पेश किया और उनके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के नाम पर अनेक अनुशंसाएं की। इनमें सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण भी शामिल था। सच्चर समिति की अनुशंसाओं के आलोक में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा समितिका गठन हुआ जिसने पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति जनजाति से धर्म परिवर्तन करने के बावजूद मुसलमानों को आरक्षण देते रहने की सिफारिश की। यही नहीं उसने पिछला वर्ग के 27 प्रतिशतों के आरक्षण में से मुसलमान को देने की सिफारिश की। 30 नवंबर 2006 को सच्चर समिति की सिफारिशें सरकार को प्राप्त हुई और तत्कालीन प्रधानमंत्री पमनमोहन सिंह ने 9 दिसंबर 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक के भाषण में कहा कि 'मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं कृषि, सिंचाई, जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ ही एससी/एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और बच्चों का उत्थान है। हमें ऐसी नई योजनाएं बनानी होंगी, जिनसे अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिल सके। देश के संसाधनों पर उनका पहला हक होना चाहिए।' कांग्रेस पार्टी की धारणा यही थी कि मुस्लिम मत खिसकने के कारण ही विशेषकर उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में हाशिए पर गई और उसकी जगह सपा, बसपा, राष्ट्रीय जनता दल और तृणमूल कांग्रेस ने ले लिया। कांग्रेस को फिर से अपना स्थान बनाना है तो उसे स्वयं को मुस्लिमपरस्त दिखाना होगा। इस कारण उस दौरान मुसलमानों के लिए सरकार की नीतियों में जबरदस्त ढांचा तैयार हुआ। अल्पसंख्यक आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन हुआ। तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अभियान इसी कड़ी का अंग था जिसमें तीस्ता शीतलवाड को हर तरह से मदद दी गई। 2014 लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से ठीक एक दिन पहले मनमोहन सरकार ने 5 मार्च, 2014 को दिल्ली की 123 प्रमुख संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड के हवाले कर दिया। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने 27 फरवरी, 2014 को राष्ट्रीय राजधानी में इन प्रमुख संपत्तियों पर दावा किया था।

कुछ अलग

# केजरीवाल की कवायद के मायने

**जब** से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी है, तब से ही अटकलों का बाजार गरम है कि विशेषकर दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के चुनावी नतीजों पर आप संयोजक का प्रचार अभियान क्या असर डालेगा? दिल्ली और हरियाणा में एक साथ 25 मई को मत डाले जाएंगे, जबकि पंजाब में 1 जून को चुनाव होगा। आम आदमी पार्टी बीते कुछ समय से तेजी से उभर रही थी। खासतौर से 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद कई हलकों में ऐसा लग रहा था कि 2024 के आम चुनाव में वह मजबूती से सामने आएगी। इसकी एक वजह यह भी थी कि दिसंबर, 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन न करने के बावजूद उसे 15 प्रतिशत के आसपास मत मिले थे। मगर 2023 के विधानसभा चुनावों से जो राजनीतिक परिदृश्य बना, उससे पंजाब और दिल्ली को छोड़कर शेष जगहों पर आप के प्रति आकर्षण कम नजर आया।

दिल्ली में यह दल 2015 से ही अनवरत सत्ता में है, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में वह तीसरे नंबर की पार्टी थी। हालांकि, 2023 के दिल्ली निगम चुनावों में उसने जीत दर्ज की है। वहीं, पंजाब में 2019 के आम चुनाव में उसे महज एक सीट मिली थी, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए उसने 42 फीसदी मत हासिल किए और सरकार भी बनाई। अभी वह पंजाब में सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसका वहां किसी दल से समझौता नहीं है। जबकि, शेष भारत में वह 'इंडिया ब्लॉक' से साथ है। दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन संसदीय सीटों पर लड़ रही है, जबकि हरियाणा में यह अनुपात एक और नौ का है। ऐसे में, सवाल प्रासंगिक है कि इन राज्यों में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी या अंतरिम जमानत से क्या कोई असर पड़ने वाला है? निस्संदेह, केजरीवाल की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है, खासकर दिल्ली और पंजाब में। जमानत पर बाहर आने के बाद से वह लगातार रैलियां कर रहे हैं और चुनावी हवा को अपने पक्ष में करने की कोशिश में भी हैं। उन्होंने मतदाताओं को 10 गारंटी भी दी है। हालांकि, इनमें से चार गारंटी- दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा, देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम व गरीबों को मुफ्त बिजली, हर बच्चे की मुफ्त व अच्छी शिक्षा और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक व जिले में मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल का निर्माण दिल्ली सरकार के पुराने वायदों की ही अगली कड़ी है। बाकी चार गारंटी- एक साल में दो करोड़ रोजगार, भ्रष्टाचार का अंत, कारोबारियों के लिए अच्छी व्यवस्था और स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के अनुसार किसानों को फसलों के वाजिब दाम जैसे वायदे भी कमोबेश सभी दल करते ही हैं। हां, शेष दो गारंटी ऐसी जरूर है, जिस पर आप ने पहले अपने विचार नहीं रखे थे। इनमें से एक है, चीन से निपटने के लिए सेना को खुली छूट देना और दूसरी है, अग्निवीर योजना का अंत। हालांकि, आप ने भले पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर अपनी बात बतौर गारंटी रखी है, लेकिन इन मुद्दों की चर्चा भी देश की विपक्षी पार्टियां करती रही हैं। इसीलिए यह देखना होगा कि अपनी गारंटी से आप इन राज्यों में अपने पक्ष में महौल बना पाती है या नहीं? यहां कांग्रेस को लेकर उसकी दुविधा भी उल्लेखनीय है। पिछले आम चुनाव में दिल्ली का करीब 55 प्रतिशत मत भाजपा को मिला था। इस बार कांग्रेस और आप के एक साथ आ जाने से कागज पर तो यह गठबंधन मजबूत दिख रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर आपसी सामंजस्य पर सवाल उठ रहे हैं।

देश दुनीया से

# डिजिटल लेन-देन पर न लगे दाग

'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली कहावत अब सड़क पर ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी चरितार्थ हो रही है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि डिजिटल लेन-देन खतरनाक है या इससे किनारा कर लेना चाहिए। मगर इतना साफ है कि लेन-देन जितना आसान होता जा रहा है, अपने पैसे और उससे जुड़ी जानकारी की हिफाजत उतनी ही जरूरी और मुश्किल होती जा रही है। समझने में आसानी होगी यह जानकर कि डिजिटल लेन-देन की दुनिया में जालसाजी का आलम क्या है? ट्रांसयूनियन एक इंफॉर्मेशन और इनसाइट कंपनी है। वह दुनिया भर में डिजिटल और बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले लेन-देन को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी आंकडे. जुटाती है।

**तेरी** गठरी में लागा चोर मुसाफिर जाग जरा... कबीर दास ने जब यह कहा, तो इसका अर्थ बहुत गूढ़ था। मगर सामान्य भाषा में इसका अर्थ आसान है- सावधान न रहेंगे, तो कोई आपकी गठरी या जेब साफ कर सकता है। आज चूंकि आप अमूमन अपना माल-मत्ता मोबाइल फोन में ही लेकर चलते हैं, इसलिए चोरों के लिए भी आसान हो गया है कि बिना हाथ लगाए, यानी कैशलेस अंदाज में ही वे इसे साफ कर डालें। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' वाली कहावत अब सड़क पर ही नहीं, डिजिटल दुनिया में भी चरितार्थ हो रही है। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं है कि डिजिटल लेन-देन खतरनाक है या इससे किनारा कर लेना चाहिए। मगर इतना साफ है कि लेन-देन जितना आसान होता जा रहा है, अपने पैसे और उससे जुड़ी जानकारी की हिफाजत उतनी ही जरूरी और मुश्किल होती जा रही है। समझने में आसानी होगी यह जानकर कि डिजिटल लेन-देन की दुनिया में जालसाजी का आलम क्या है? ट्रांसयूनियन एक इंफॉर्मेशन और इनसाइट कंपनी है। वह दुनिया भर में डिजिटल और बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के जरिये होने वाले लेन-देन को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी आंकडे. जुटाती है। दुनिया भर में लेन-देन के कारोबार में जालसाजी पर उसकी ताजा रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में जितना डिजिटल लेन-देन हुआ, उनमें से करीब पांच प्रतिशत पर जालसाजी का शक है। लेन-देन के संदिग्ध मामलों की गिनती इस साल पिछले वर्ष के मुकाबले 14 फीसदी बढ़ी है। जालसाजी की रफ्तार कितनी तेज है, इसका नमूना यह है कि 2019 से 2023 के बीच जहां कुल डिजिटल लेन-देन का काम 90 फीसदी बढ़ा, वहीं जालसाजी वाले या इसकी आशंका वाले लेन-देन में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आपके क्रेडिट कार्ड का ब्योरा चुराकर या उसकी कॉपी बनाकर ठगी करने के किस्से अब भी बंद नहीं हुए हैं। इसी तरह, किसी न किसी बहाने से फोन पर आपका ब्योरा चुराने की कोशिशें भी लगातार जारी हैं। हाल तो यह है कि अगर अपने शहर से बाहर अचानक आपका फोन खो जाए और आप किसी दूसरे नंबर से अपने दोस्तों-परिचितों से मदद मांगने की कोशिश करें, तो ज्यादातर मामलों में उन्हें पहले शक होता है कि कोई जालसाज खेल तो नहीं कर रहा? आपके फेसबुक अकाउंट या वाट्सएप को हैक करके या उसका क्लोन बनाकर आपके नाम पर लोगों से पैसे मांगने वाली ठगी का कारोबार भी जोरों पर है। भारत डिजिटल लेन-देन के मामले में दुनिया में अगली कतार में खड़े देशों में शामिल है। यूपीआई से लेन-देन की शुरुआत 2016 में हो गई थी, लेकिन खासकर नोटबंदी और कोरोना के बाद इसमें जबर्दस्त तेजी आई है। 2023 में भारत में यूपीआई के जरिये होने वाले लेन-देन की गिनती 117.6 अरब थी। यहां कुल मिलाकर 182 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ। इसी साल जनवरी से दिसंबर के बीच यूपीआई के इस्तेमाल में 49 प्रतिशत का उछाल देखा गया और तेजी का यह सिलसिला थमा नहीं है। अनुमान है कि जल्द ही हर महीने 20 लाख करोड़ रुपये का लेन-देन इस रास्ते होने लगेगा। इसमें क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग या दूसरे चैनलों से होने वाला ऑनलाइन लेन-देन शामिल नहीं है। ऐसे में, डिजिटल चोरी या जालसाजी की आशंका भी बढ़ती जा रही है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल फ्रॉड के 6,659 मामले सामने आए, जिनमें 276 करोड़ रुपये की ठगी हुई। जबकि, उससे पिछले साल 3,596 मामलों में 155 करोड़ रुपये की जालसाजी की खबर मिली थी। ध्यान रहे कि ये वही मामले हैं, जिनकी




शिकायत रिजर्व बैंक तक पहुंची है। बहुत से लोग रकम गंवाने के बाद भी उसकी शिकायत करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कई मामलों में तो लोगों को ठगी की जानकारी भी नहीं हो पाती। मगर जब ऐसी जालसाजी किसी कंपनी के साथ होती है, तो उसे वह ठगी की रकम से कहीं ज्यादा महंगी पड़ती है। डिजिटल जालसाजी रोकने के कारोबार की दिग्गज कंपनी लेक्सिसनेक्सिस रिस्क सॉल्यूशंस ने 'ट्रू कॉस्ट ऑफ फ्रॉड' नाम की रिपोर्ट निकाली है, जिसमें एशिया प्रशांत क्षेत्र की तमाम कंपनियों का सर्वे करके यह हिसाब जोड़ा गया है कि जालसाजी जितनी रकम की होती है, उसके मुकाबले कंपनियों को इससे कितने की चोट पड़ती है? इसके मुताबिक, अगर कहीं एक रुपये की जालसाजी होती है, तो उसके ऊपर होने वाला कुल खर्च करीब चार गुना हो जाता है। इसमें डूबी हुई रकम के अलावा उसकी भरपायी के लिए होने वाली मेहनत, कानूनी कार्रवाई, कंपनी की साख का नुकसान और इसके साथ जुड़े छोटे-बड़े खर्च शामिल होते हैं।

आप का नजरीया

# लोकतंत्र के लिए !

**जनता** द्वारा, जनता का और जनता के लिए शासन के महास्वप्न को साथ लेकर लोकतंत्र की शासन-विधा आधुनिक युग में सबसे प्रबुद्ध, व्यावहारिक और विवेकशील सरकार चलाने की पद्धति के रूप में स्वीकार की गई है। उत्तर कोरिया और चीन जैसे देश ज़रूर इसके अपवाद हैं जहाँ भिन्न क़िस्म की शासन-व्यवस्थाएँ हैं। यह भी सही है कि जिन देशों में लोकतंत्र है सभी एक जैसे नहीं हैं। राजतंत्र और सैन्य हस्तक्षेप के विविध रूप ऐसे अनेक देशों में मिलते हैं जहां स्वतंत्रता पर पहरा है, अन्याय और असमानता है। इन भेदों के बावजूद लोकतंत्र की व्यवस्था में जनता के चुने प्रतिनिधि या सीधे जनता से चुने लोगों को शासन सँभालने की ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके मूल में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का ही आदर्श सक्रिय है। सबकी भागीदारी के लिए अवसर देना, ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ शासन चलाना, शांति और समानता के सिद्धान्तों को ज़मीनी हक़ीक़त बनाने के साथ प्रतिबद्धता लोकतंत्र की जान होती है। यह सब लोकतंत्र को मानवता की वैचारिक प्रगति के इतिहास में एक ख़ास उपलब्धि बना देता है। आज के अधिकांश विकसित देशों की कहानी में वहाँ के दर्दभरे ख़ौफ़नाक अतीत की स्मृति आज भी लोगों को टीसती रहती है। लोकतंत्र की क़ीमत अब उन्हें भलीभाँति मालूम है। लोकतंत्र की सफलता के लिए ज़रूरी है कि जनता से शासन करने के लिए मिली शक्ति की स्वीकार्यता और ठीक-ठीक पहचान बनी रहे। यह भी ज़रूरी है कि शासन में सत्ता का वितरण विकेंद्रित हो और जनता से सलाह-मशविरा भी लगातार होता रहे। इसमें नियमित रूप से जाँच और संतुलन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। चुनाव में मतदान से इसकी शुरुआत होती है, इसलिए नियमपूर्वक और समय से चुनाव होने चाहिए। नियमों और क़ानूनों का पालन होना चाहिए तथा क़ानून को ही सर्वोपरि माना जाना चाहिए। ज़रूरी यह भी है कि देश के नागरिकों के सभी मौलिक मानव अधिकारों की सुरक्षा अक्षत बनी रहे। इस सिलसिले में जीवन की, बोलने की, अभिव्यक्ति की और स्वच्छंद घूमने-फिरने की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना सरकार का बड़ा महत्वपूर्ण दायित्व बनता है। अब इस सूची में सिविल सोसाइटी और ग़ैर सरकारी संस्थाएँ (एनजीओ) की व्यवस्थाएँ भी जुड़ गई हैं। अक्सर कहा जाता है कि लोकतांत्रिक शासन के संचालन की दृष्टि से न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया चार प्रमुख आधार-स्तंभ का काम करते हैं। इनकी संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता अखंड बनी रहनी चाहिए। इसी तरह समानता, समता और बंधुत्व के सिद्धांत भी व्यापक संदर्भ का काम करते हैं जिससे अनुप्राणित हो कर ही नियम क़ानून बनाते हैं और उनका अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार एक जीवन-शैली जैसा उपाय है जो देश और समाज के स्वस्थ विकास के लिए प्रयुक्त होता है। गौर से देखें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने को सुनिश्चित करने में हर स्तर पर समाज की अधिकाधिक जन-भागीदारी होनी चाहिए।

# जज के सामने हथकड़ी पहने अभियुक्त ने गवाह के साथ की मारपीट



**भागलपुर ( हिंस )।** भागलपुर कोर्ट परिसर के अंदर बुधवार को हथकड़ी पहने अभियुक्त गांजा यादव ने जज के सामने गवाह चंदन यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उसने जज के सामने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा क्या होगा 4 महीने की सजा और बढ़ेगी। मामले को लेकर चंदन यादव ने बताया हम लोग सभी एक ही मामले में स्नेहा कुमारी के कोर्ट में आज आए हुए थे। इसी दौरान हथकड़ी के साथ आया आरोपी गांजा यादव अपने कटघरे में ही मुझे मारना और गाली गलौज करना शुरू कर दिया। यह भी कहा कि जेल से छूट कर आऊंगा तो तुम्हें जान से मार दूंगा। वहीं पीड़ित चंदन ने कहा जज के सामने जब इस तरह कर सकता है तो बाहर निकलने पर मेरे साथ कहीं भी मारपीट सकता है।

# राजद का मतलब रिश्वतखोरी जंगलराज और दलदल : जेपी नड्डा

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को शिवहर लोकसभा के राजग उम्मीदवार लवली आनंद के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आईएनडीआई गठबंधन पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि राजद का मतलब ही रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल है। पूर्वी चंपारण जिले के शिकारगंज हाईस्कूल के मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते जेपी नड्डा ने कहा कि राजद का मतलब रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल है। ये दल नहीं है, दलदल है। लोग 2003 में तेलपिलावन लठियाभाजवन रैली को भूले नहीं है। उन्होने कहा कि कांग्रेस जितना बेईमान और धोखेबाज कोई नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी पर चुटकी लेते कहा कि राहुल इन दिनों संविधान की पुस्तक लेकर घुम रहे है, पता नहीं संविधान पढ़ा भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि दस साल पूर्व लोग यह मान बैठे थे, कि अब कुछ बदलने वाला नहीं है, सत्ता और नेता विश्वासहीन हो चुका था लेकिन आज मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास के साथ विकसित भारत का संकल्प पूरा हो रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी तुष्टीकरण और जातिवाद को हाशिये पर डाल सभी जाति और धर्म को समान रूप से विकसित बना रहे है। सभी सेक्टर में तेज गति से विकास हो रहा है। भारत की पहचान आज भष्ट्र और मांगने वाला देश के रूप में नहीं बल्कि ईमानदार सशक्त और दुनिया को देने वाले देश के रूप में हुई है। उन्होंने कहा नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लालू प्रसाद चारा और अलकतरा खा गए। आज नौकरी का ढिंढोरा पीट रहे है। ऐसी नौकरी नहीं चाहिए कि नौकरी के बदले जमीन देनी पड़े। मोदी जी का ईमानदार नेतृत्व ही रोजगार और नौकरी देगा।



# सरकार की नजरों में एक शिक्षक न होकर सिर्फ दिहाड़ी मजदूर है : शैलेश झा

**सहरसा ( हिंस )।** शिक्षक एकता मंच के अध्यक्ष मंडल सदस्य शैलेश कुमार झा ने विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश की बात पर अपनी बात रखते हुए कहा कि एक दिन भी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश नहीं हुआ है। विद्यालय 8 बजे से 11 बजे तक पूर्णतया खुली रही है। वर्तमान समय में शिक्षक सरकार की नजरों में एक शिक्षक न होकर सिर्फ दिहाड़ी मजदूर है। जिसे हर हाल में आठ घंटे विद्यालयों में उपस्थित रहना है। वर्तमान समय में विद्यालय का समय सारिणी प्रातः 6 बजे से दोपहर 1:30 तक किया गया है। सोचने वाली बात है कि अगर किसी तरह शिक्षक नित्य क्रिया से निवृत होकर प्रातः 6 बजे विद्यालय पहुंच भी जाते हैं। तो क्या भूखे पेट विद्यालय 1:30 बजे तक संचालित करेंगे। जिन शिक्षकों का विद्यालय 20 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर है वो विद्यालय कैसे पहुंचेगे। शिक्षकों को तो छोड़िए इस चिलचिलाती धूप में छोटे छोटे बच्चे विद्यालय से निकलकर 12:30 में अपने घरों को पांव पैदल जाएंगे उनकी क्या हालत होगी। ये आज आम लोगों को समझना चाहिए कि क्या वास्तव में शिक्षा के गुणवत्ता पर सरकार काम कर रही है या विकृत मानसिकता से ग्रसित होकर बच्चों के भविष्य निर्माता शिक्षकों को सिर्फ प्रताड़ित करने कि मंशा से कार्य कर रही है। पूरे देश में बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने हेतु शिक्षकों को मानसिक रुप से सशक्त करने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति के तहत, स्कूलों में अब सप्ताह में 29 घंटे ही पढ़ाई होगी। सोमवार से शुक्रवार तक 5 से 5:30 घंटे तक और महीने के दो शनिवार को दो से ढाई घंटे तक ही क्लास लगेंगी। दो शनिवार को छुट्टी रहेगी। इस व्यवस्था में, हर दिन होने वाली पढ़ाई के घंटे में से आधा समय गतिविधियों के लिए दिया जाएगा। इसके साथ ही, स्कूल के समय में ही बच्चों को ब्रेकफास्ट और लंच के लिए भी करीब घंटे भर का समय तय किया गया है।

# अयोध्या तो पहली झांकी है, मथुरा, ज्ञानवापी बाकी है : हिमंत विश्व शर्मा

**धनबाद ( हिंस )।** अक्सर अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले भाजपा के फायर ब्रांड नेता असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा बुधवार को धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में लोगों से वोट मगने धनबाद पहुंचे। वहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिमंत विश्व शर्मा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हेमंत विश्व शर्मा अपने चिरपरिचित अंदाज में विपक्षियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मोदी जी का नारा है, *अबकी बार 400 पार* इस नारे को हमे इस लिए मूर्त रूप देना है, ताकि ज्ञानवापी में फिर से भगवान शिव स्थापित हो सके, सनातनियों की मांग मथुरा में श्रीकृष्ण भगवान भव्य मंदिर में विराजे उसे पूरा करने के साथ ही हमारे कश्मीर का एक टुकड़ा जो कांग्रेस के कारण आज भी पाकिस्तान के कब्जे में है उस पीओके को वापस भारत यानि हमारे कश्मीर का हिस्सा बनाया जा सके। इसके लिए हमे मोदी जी के 400 पार वाले नारे को सफल बनाना है। उन्होंने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सोनिया गांधी ने पिछले जन्म में जरूर कुछ किया था, जिस वजह से अयोध्या में स्थापित हमारे रामलला उन्हें दर्शन देना नहीं चाहते। उनके नसीब में ही रामलला का दर्शन पाना नहीं लिखा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में तो रामलला विराजमान हो गए, लेकिन अभी हमारा कार्य समाप्त नहीं हुआ। यदि भाजपा इस बार 400 पर करती है तो मथुरा में भगवान कृष्ण और ज्ञानवापी में भगवान शिव स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि जब सोनिया गांधी खुद हिन्दू है ही नहीं, तो वह राम मंदिर कैसे जाएंगी और वे मंदिर के शुद्धिकरण की बात करते है।



मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने मुस्लिम समाज मे एक से अधिक शादियों को रोकने को लेकर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की भी बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि यदि इस बार 400 पार के नारे को आप लोगों ने सही साबित कर दिया, तो झारखंड के जेएमएम और कांग्रेस के घरों में जितना भी काला धन छिपा कर रखा गया है उसे निकाल कर बाहर लाएंगे और उस धन से यहां के गरीब लोगों को घर, मकान और सड़के देंगे। उन्होंने झारखंड सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं के मामले में देश का नंबर एक राज्य है। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने इस उम्मीद से झारखंड राज्य बनाया था कि आने वाले एक-डेढ़ दशक में यह राज्य देश का सबसे अग्रणी प्रदेश बनेगा, लेकिन पिछले पांच वर्षों में जेएमएम और कांग्रेस की इस सरकार ने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया। किसी भी युवा को कोई नौकरी नहीं मिली, एक परीक्षा हुई भी तो उसका भी प्रश्नपत्र लीक हो गया। कार्यक्रम में भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने हेमंत विश्व शर्मा को गुलदस्ता और अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में आयोजित इस जनसभा में हजारों की संख्या में लोग असम के मुख्यमंत्री को सुनने पहुंचे थे।

# यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए। सीएम योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही है। खरगे ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है। इंडी गठबंधन के लोगों को पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से चिढ़ हो रही है। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में यह बातें कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चार चरण समाप्त हो चुका है। पीएम मोदी की लहर सुनामी बनकर सामने आ गई है और इंडी गठबंधन की हवा निकल चुकी है। जनता ने इन्हें खारिज कर दिया है। इंडी गठबंधन फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है। मगर, जनता ने इनसे पिंड छुड़ा लिया है। अब ये देश की सत्ता में कभी नहीं आ सकते। योगी ने कहा कि बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया, तो वहीं सपा ने भी बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों के स्मारक को तोड़ने तक की बात कही थी। इसके अलावा कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब के नाम को हटाया था। इतना ही नहीं कांशीराम मेडिकल कॉलेज और भाषा विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया था। इंडी गठबंधन भारतीय संविधान के खिलाफ आचरण और जाति के नाम पर विभाजन की राजनीति का अनुसरण कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज का नया भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सम्मान और सुशासन के नए माहौल में आ चुका है। इस विकसित भारत की संकल्पना से इंडी गठबंधन को चिढ़ हो रही है। कभी ये पाकिस्तान की वकालत करते हैं, कभी जातीय जनगणना की बात करते हैं। संविधान में जितना संशोधन और छेड़छाड़ कांग्रेस ने किया, उतना किसी ने नहीं किया। अब ये लोग एससी-एसटी, ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। आने वाले तीन चरणों में भी इन्हें जनता खारिज करेगी। इंडी गठबंधन राम विरोधी, भारतीय आस्था का विरोधी और आरक्षण विरोधी है।

# रायबरेली में आतंक फैलाने वाले बनना चाहते हैं आपके सांसद : प्रियंका गांधी

**रायबरेली ( हिंस )।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी को घेरते हुए कहा कि पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है और ऐसे लोग अब आपके सांसद बनना चाह रहे है। प्रियंका ने बुधवार को कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह का बिना नाम लिए प्रियंका गांधी ने व्यक्तिगत कहा कि भाजपा प्रत्याशी के पांचों भाइयों ने पूरे जिले में आतंक फैला रखा है। वह और उनके भाई गरीबों की जमीन पर कब्जा करते हैं। ग्राम प्रधानों को, कोटेदारों को धमकाते हैं। कांग्रेस सरकार ने पंचायती राज अधिनियम लाकर पंचायतों को मजबूत किया था। आज पंचायतों के प्रधान भाजपा प्रत्याशी की धमकियों से परेशान है। ऐसे लोग आपके सांसद बनना चाहते हैं। ऊंचाहार नगर के रामलीला मैदान में विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने मंहगाई बेरोजगारी पर सवाल करते हुए कहा कि आजतक प्रधानमंत्री ने चुनाव में इन मुद्दों पर बात नहीं की। चुनाव में वो जनता को भ्रमित करते हैं। खेत में मवेशी फसलों को नष्ट कर रहे हैं, किंतु सरकार ने कोई योजना नहीं बनाई। जबकि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस सरकार थी तो मवेशियों को संरक्षित करने से लेकर गौशालों में रोजगार का सृजन किया गया और उसमें महिलाओं को शामिल करके उन्हे स्वावलंबी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि आपकी सांसद सोनिया गांधी थी, हमेशा आप लोगों से झुककर मिली है। प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मेरे पिता प्रधानमंत्री थे तो उनके सलाहकार उनको रोक देते थे कि ये आप गलत कर रहे हो, रात में मेरे पिता उन बातों पर चिंतन करते थे।

# आरक्षण समाप्त करने की हिम्मत किसी में नहीं : सम्राट चौधरी

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिले के गायघाट स्थित माध्यमिक प्लस टू विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि किसी पार्टी की नेताओं में दम नहीं है कि आम जनता की आरक्षण को समाप्त कर दे। देश को अब कहीं से खतरा नहीं है, लेकिन अब खतरा राजद और कांग्रेस से उत्पन्न होने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर आरक्षण को समाप्त करने की प्रक्रिया तथा 5 किलो अनाज देने की प्रक्रिया और तरह-तरह के कर लगाए जाएंगे, जो नियम के विरुद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में सरकार ने देश को आगे बढ़ाया है, देश में चौमुखी विकास हुआ है। आज सीमा पर सैनिक सुरक्षित है देश के आम जनता की सेवा करने में सैनिक तत्पर है। उन्होंने कहा कि सड़क अस्पताल विद्यालय फुल पुलिया आदि का निर्माण हुआ है, नरेंद्र भाई मोदी की अगूवाई में सरकार के द्वारा कई नए प्रस्ताव लग गए जिसमें तीन तलाक 370 का आदि शामिल है। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी निचली जाति से आता हूं मुझे पार्टी में रहकर मुझे कोई संविधान का खतरा नहीं है, ना ही आरक्षण पर खतरा हैं, जो लोग नौकरी के बदले जमीन लिए कई घोटाले किए, वे लोग ही आज लोगों को संविधान बदलने की बात कह कर अफवाह कर रहे हैं, जो कहीं से सत्य नहीं है। सभा को भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, इंजीनियर रमेश पासवान, शंभू प्रसाद गुप्ता, सतोष कुशवाहा, सोनू मुखिया, सहित दर्जनों लोगों ने भी संबोधित किया।



## सामंतवादी और परिवारवादी मोदी का कर रहे विरोध : केशव

**सिद्धार्थनगर ( हिंस )।** इस चुनाव में मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी प्रधान सेवक हैं। वे गरीबों के सेवक एवं नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य तथा महिलाओं के संबल हैं। वे पिछड़े वर्ग के गरीब परिवार से हैं। सामंतवादी, परिवार वादी, भ्रष्टाचारी उनका विरोध कर रहे हैं। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के ललिता इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित जनसभा में दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर होगी। सपा सरकार में गुंडे खाली जमीन कब्जा कर लेते थे। यूपी में योगी की सरकार बनते ही गुंडई समाप्त हो गई। सपा सरकार में गाड़ी में सपा का झण्डा गाड़ी में बैठा गुंडा। सपा में गुंडों, माफियाओं के सरदार हैं। अखिलेश श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या नहीं आए। मुख्तार का फातिहा पढ़ने गए। कल्याण सिंह की मौत पर नहीं गए। आप माफियाओं और गुंडों का भला कर सकते हैं। राहुल गांधी जी क्या हो गया। गरीबों, नौजवानों से डर गए हो। कहते हो वोट का जेहाद करो। इनके नेता कहते हैं कि पाकिस्तान की इज्जत करो उसके पास एटम बम है। तो क्या हमारे पास दीवाली की फुलझड़ी है।

# लखनऊ : सिख, सिंधी, सनातनी पंजाबी वर्ग से मतदान की अपील

**लखनऊ ( हिंस )।** लखनऊ में कृष्णा नगर क्षेत्र के एक निजी होटल में मतदाता जागरण फोरम की ओर से सिख, सिंधी, सनातनी पंजाबी वर्गों के प्रबुद्ध लोगों के बीच मतदाता जागरुकता का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल, भाजपा नेता नीरज सिंह, सिंधी समाज से नानक चंद, सनातनी पंजाबी से अनिल वरमानी, सिख समाज से बलदेव सिंह औलख ने अपनी बातों को रखा। यूपीएसए के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, शिव शांति आश्रम के साई हरीश लाल ने अपनी बातों में कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। हर वर्ग और प्रत्येक समाज का व्यक्ति अपनी ओर से मतदान कराने की अपील करेंगे तो निश्चित ही मतदान प्रतिशत बढ़ जाएगा। लखनऊ में शत प्रतिशत मतदान की अपील कर रहे। सिंधी समाज से नानक चंद ने कहा कि पांच लाख के अंतर से भाजपा के प्रत्याशी राजनाथ सिंह को जीताना है। इसके लिए मतदान करना है और कराना भी है। मतदान करने में अक्षम व्यक्ति की मदद करनी है, जिससे वह मतदान केंद्र तक पहुंचें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बैलट पेपर का उपयोग भी जानकारी दीजिए। बुजुर्ग लोगों को मतदान करने के लिए सहयोग करिए। कार्यक्रम के समापन पर दमन सिंह सेठी ने अपनी ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। वक्ताओं की कही बातों को दोहराते हुए भाजपा प्रत्याशी राजनाथ के पुत्र नीरज सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया। स्मृति चिन्ह देने वालो में अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के समापन पर सिंधी, सनातनी पंजाबी,



# सरहद की सुरक्षा में लगे एसएसबी जवानों के जज्बे को स्कूली बच्चों ने किया सलाम

**अररिया ( हिंस )।** सरहद की सुरक्षा में लगे एसएसबी जवानों से बुधवार को किडजी स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने मुलाकात कर उनसे और उनके कार्यों को लेकर रूबरू हुए। छोटे छोटे बच्चे एसएसबी के अधिकारियों और जवानों के साथ इंटरेक्ट हुए और उनके राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम को लेकर जज्बे को सलाम किया। स्कूल के डायरेक्टर संजय गिरी के नेतृत्व में किडजी के बच्चे एसएसबी 52 वाहिनी के अररिया स्थित मुख्यालय पहुंचे। जहां एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट ने सभी स्कूली बच्चों का स्वागत किया और फूल और चॉकलेट प्रदान कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। नन्हे बच्चों ने एसएसबी के अधिकारी और जवानों से सवाल भी पूछे और जवाब सुनकर कहा कि आपलोगों पर पूरे देश को नाज है। आपके कारण देश और देशवासी सुरक्षित हैं। मौके पर स्कूल की एसएसबी के जवान और अधिकारियों के अलावा शिक्षिका मौजूद थे।

# विधायक भाटी को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**बालोतरा ( हिंस )।** लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी और शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार एक युवक ने वीडियो जारी कर कहा कि रविंद्र भाटी को जल्द ही खुलेआम मारेंगे। वीडियो मंगलवार शाम जारी किया गया था। वीडियो सामने आने के बाद बालोतरा पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। वहीं रविंद्र सिंह भाटी को बार-बार मिल रही धमकी के बाद उनके समर्थक सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बालोतरा पुलिस ने कहा है कि धमकी देने वाले युवक की तलाश की जा रही है। युवक ने करीब 1 मिनट 26 मिनट का वीडियो जारी किया है। युवक ने कहा- कुछ दिनों पहले एक वीडियो आया था। वह कह रहा है कि लिखकर क्यों धमकी दे रहा है...खुलेआम धमकी क्यों नहीं दे रहा है। मैं उसे बोलना चाहता हूं कि रविंद्र सिंह भाटी को खुलेआम मारेंगे, वो भी जल्द से जल्द। तुझे जो करना है, वो कर लेना। बार-बार हमारे लोक देवताओं को लेकर टिप्पणी करता है। इस तरह का जातिवाद फैलाकर क्या करना चाहता है? वीडियो में युवक एक लोक देवता का जिक्र करते हुए कह रहा है....वे शराब पीकर मर गए। रोड एक्सीडेंट में उनकी मौत हो गई और अब उनको चढ़ावा चढ़ा रहे हो। ऐसे तो हर किसी के घर में बाप-दादा मर जाते हैं। रविंद्र सिंह भाटी को दूसरी बार धमकी मिली है। 27 अप्रैल को फेसबुक पर मघाराम नाम के एक व्यक्ति ने रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाड़मेर पुलिस ने 2 मई को गिरफ्तार कर उसे बालोतरा पुलिस को सौंप दिया था। अब दूसरी बार फिर से भाटी को धमकी मिली है। लगातार मिल रही धमकी के बाद रविंद्र सिंह भाटी को सुरक्षा देने की भी मांग उठी थी। इसके बाद जयपुर सीबीआई से मिले आदेश के बाद बाड़मेर एसपी ने एक पीएसओ को बढ़ाकर दो पीएसओ लगाए थे। रविंद्र भाटी बाड़मेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी भी हैं। इस सीट पर बीजेपी से कैलाश चौधरी, कांग्रेस से उम्मेदाराम बेनीवाल और भाटी के बीच मुकाबला भी है। दूसरे चरण 26 अप्रैल को बाड़मेर में वोटिंग हुई। उस दिन शिव, बाड़मेर, चौहटन, सहित कुछ इलाकों में एक-दूसरे समर्थकों के साथ मारपीट, धरना प्रदर्शन हुए थे। बायतु में रविंद्र सिंह भाटी के समर्थकों के साथ मारपीट हुई, उसके बाद उनके ही समर्थकों को पुलिस ने पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में वोटिंग के दूसरे दिन 27 अप्रैल को रविंद्र सिंह भाटी और उनके समर्थकों ने बालोतरा एसपी ऑफिस के आगे धरना देकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान सोशल मीडिया पर रविंद्र सिंह भाटी को धमकी दी गई। इसके तीन-चार दिन बाद सोशल फेसबुक पर धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

## अब सत्ता से बाहर जाने की भाजपा की बारी : मायावती

**बांदा ( हिंस )।** जिले में अतर्रा के हिंदू इंटर कॉलेज में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पहुंची। उन्होंने मंच से कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद ज्यादा समय तक कांग्रेस सत्ता में रही। गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई। अब भाजपा सरकार के सत्ता से बाहर जाने की बारी है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा अभी तक नहीं भरा गया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी और भाजपा को ब्राह्मण विरोधी करार दिया। मायावती ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सिर्फ पूंजीपतियों को ही मालामाल कर रहे हैं, गरीबों की उनको कोई फिक्र नहीं है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर शस्त्र पूजन दिवस

**जयपुर ( हिंस )।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर पुरे प्रदेश में कहीं शोभा यात्रा और पूजा अर्चना के अनेक आयोजन किये जा रहे है। समारोह में आज जयपुर में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना और शस्त्र पूजन लालकोठी स्थित सर्व ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के कार्यालय पर आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र जनों ने भाग लिया। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा ने बताया कि समारोह में सर्व ब्राह्मण महासभा के युवा प्रकोष्ठ कार्यालय पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, प्रदेश संगठन मंत्री पंडित श्याम शास्त्री, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा के सानिध्य में भगवान परशुराम के शस्त्र पूजन किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने उपस्थित ब्राह्मणजनों को शपथ दिलाई की हम सब सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना के साथ काम करेंगे और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की मदद करेगें। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए ब्राह्मण समाज का योगदान सर्वोपरि रहेगा। परशुराम जी विष्णु के अवतार हैं और मातृ और पितृ भक्ति के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने आतंकियों का नाश करने का संकल्प लिया और जब-जब आतंकियों ने आतंक फैलाया तो उनका समुल नाश किया। मिश्रा ने कहा है कि भगवान परशुराम ना केवल ब्राह्मणों के आराध्य है यह तो पहले वो व्यक्ति थे जिन्होंने आतंक के खिलाफ फरसा उठाया। वे शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शस्त्र और शास्त्र की जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री पंडित श्याम शास्त्री, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रमोद शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील गौड़, अभिषेक गोस्वामी, रीना शर्मा, अंजना शर्मा, रीना शर्मा, सतीश शर्मा, विनोद शर्मा, संतोष शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।





# कई यूजर्स के फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट डाउन: फीड रिफ्रेश करने में परेशानी आ रही, दो महीने पहले भी डाउन हुआ था

**नई दिल्ली।**
सोशल मीडिया ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम 15 मई को दुनियाभर में कई यूजर्स के लिए डाउन हो गए हैं। डाउन डिटेक्टर पर सैकड़ों यूजर्स ने इन ऐप्स से जुड़ी समस्याओं को रिपोर्ट किया। यूजर्स को अपनी फीड रिफ्रेश करने में परेशानी आ रही है।

फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अभी तक आउटेज से जुड़ा कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। ये आउटेज किस कारण से हुआ है इसके कारण भी अभी साफ नहीं है। इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा इसकी भी कोई जानकारी नहीं है।

### 07.30 बजे सबसे ज्यादा यूजर्स ने परेशानी रिपोर्ट की

आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के डेटा से पता चला है कि सुबह करीब 4 बजे से यूजर्स ने आउटेज को रिपोर्ट करना शुरू किया था। सुबह 07.30 बजे सबसे ज्यादा यूजर्स ने परेशानी रिपोर्ट की। हालांकि, इसके बाद आउटेज रिपोर्ट कम हो गई।

### 5 मार्च की रात भी इंस्टाग्राम-फेसबुक डाउन हो गए थे

इससे पहले 5 मार्च की रात मेटा कंपनी के दोनों प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स को लॉगिन और फीड रिफ्रेश करने में दिक्कत आई थी। फेसबुक पर यूजर्स के अकाउंट ऑटोमैटिक लॉगआउट हो गए थे, जबकि इंस्टाग्राम पर यूजर्स नई फीड्स को रीफ्रेश नहीं कर पा रहे थे।

### 2 साल पहले 6 घंटे बंद रहे थे फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप

4 अक्टूबर 2021 को फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप प्लेटफॉर्म करीब 6 घंटे तक पूरी दुनिया में बंद रहे थे। जिसके चलते अरबों यूजर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह समस्या रात करीब 9.15 बजे सामने आई थी। इस आउटेज का असर अमेरिकी बाजार में फेसबुक के शेयरों पर भी दिखा था। कंपनी के शेयर 6 प्रतिशत तक गिर गए थे।

### 5 साल पहले साढ़े 9 घंटे डाउन रहे थे

3 जुलाई 2019 को रात आठ बजे भारत, अमेरिका समेत कई देशों में फेसबुक, वॉट्सएप और इंस्टाग्राम डाउन रहे। करीब साढ़े 9 घंटे डाउन रहने के बाद 4 जुलाई 2019 को इन्हें ठीक कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अब 3 दिन में सेटल होगा ईपीएफ क्लेमः मेडिकल, एजुकेशन, मैरिज और हाउसिंग पर्पज के लिए ही मिलेगी सुविधा, पहले 15-20 दिन लगते थे



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि के कुछ विड्रॉल क्लेम अब केवल 3 दिन में सेटल होंगे। ईपीएफओ ने मेडिकल, एजुकेशन, मैरिज और हाउसिंग पर्पज के एडवांस क्लेम के लिए ऑटो-मोड सेटलमेंट की शुरुआत की है। इससे ह्यूमन इंटरवेंसन खत्म होगा और प्रोसेसिंग तेज होगी। अभी तक क्लेम सेटलमेंट में मोटे तौर पर 15-20 दिन का समय लगता था। ऐसा इसलिए होता था क्योंकि ईपीएफओ क्लेम सेटलमेंट से पहले ईपीएफ मेंबर की एलिजिबिलिटी, डॉक्यूमेंट, ईपीएफ अकाउंट का केवायसी स्टेटस, बैंक अकाउंट जैसी डिटेल्स को चेक करता था। अभी तक जो कंवेंशनल प्रोसेस चल रही थी उसमें अमान्य दावों को अक्सर वापस कर दिया जाता है या अस्वीकार कर दिया जाता है। अब ऑटोमेटेड सिस्टम में उन्हें स्क्रूटनी और अप्रूवल के लिए सेकेंड लेवल पर भेज दिया जाएगा, ताकि कोई भी क्लेम छूट न जाए। दस स्टेप में जानें क्लेम की पूरी प्रोसेसः यूएएन और पासवर्ड का उपयोग करके ईपीएफओ पोट ल पर लॉग इन करें। ऑनलाइन सर्विसेज पर जाना होगा और क्लेम सेक्शन चुनना होगा। बैंक अकाउंट वैरिफाई करें। प्रोसीड फॉर ऑनलाइन क्लेम पर क्लिक करें। अब एक नया पेज ओपन होगा जहां पीएम एडवांस फॉर्म 31 चुनना होगा। पीएफ के किस अकाउंट से आपको पैसा निकालना है उसे चुनना होगा। पैसा निकालने की वजह, कितना पैसा निकालना और एड्रेस भरना होगा। इस प्रोसेसि के बाद चेक या पासबुक की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करें। अब अपना कंसेंट देना होगा और इसे आधार से वैरिफाई करना होगा। क्लेम प्रोसेस होने के बाद ये एम्प्लॉयर के पास अप्रूवल के लिए जाएगा। सब्सक्राइबर ऑनलाइन सर्विस के तहत क्लेम स्टेटस देख सकता है।

### सोना और चांदी की कीमतें बढ़ीं



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 72,400 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 85,500 हजार रुपये के करीब थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध आज 39 रुपये की तेजी के साथ 72,336 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 71 रुपये की तेजी के साथ 72,368 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 72,393 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 72,336 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 73,958 रुपये के भाव पर शीर्ष स्तर हासिल किया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत में भी तेजी रही। एमसीएक्सा पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 104 रुपये की बढ़त के साथ 85,521 रुपये पर खुला। यह अनुबंध 123 रुपये की तेजी के साथ 85,540 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 85,580 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 85,500 रुपये के भाव पर निचला स्तर हासिल किया। पिछले महीने चांदी के वायदा भाव ने 86,126 रुपये किलो के भाव पर पहुंचे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,362.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,359.90 डॉलर था।

### रुपया बढ़त पर खुला

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजारों में रुपये शुरुआती कारोबार में ऊपर आया। ये चार पैसे की बढ़त के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.47 पर पहुंच गया। इसके बाद विदेशी पूंजी की लगातार निकासी से इसपर विपरीत प्रभाव पड़ा और इसकी तेजी पर अंकुश लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विदेशी निवेशकों द्वारा अमेरिकी मुद्रा खरीदने और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के डॉलर बेचने के बीच ही अमेरिकी डॉलर और रुपये के सीमित दायरे में रहने की संभावना है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.49 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद 83.47 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। ये पिछले बंद भाव से चार पैसे की बढ़त है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गत दिवस रुपया 83.51 पर बंद हुआ था। वहीं इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी नीचे आकर 104.93 पर रहा।

# बोइंग पर संकट गहराया, अमेरिका बोला- दो 737 मैक्स हादसों के लिए कंपनी पर चलाया जा सकता है मुकदमा




**नई दिल्ली।**
पांच साल पहले हुए दो अलग-अलग बोइंग 737 मैक्स विमान हादसे में बोइंग पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन हादसों में 346 लोगों की जान गई थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अधिकारियों ने टेक्सास में एक संघीय अदालत को लिखे पत्र में कहा कि बोइंग ने एक समझौते के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन किया है, जिसके कारण दुर्घटनाओं के लिए उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

दूसरी ओर, बोइंग ने एक समाचार एजेंसी से कहा, हम मानते हैं कि हमने उस समझौते की शर्तों का सम्मान किया है। बोइंग ने कहा है कि वह खुद का बचाव करने की योजना बना रहा है।

अमेरिकी अधिकारियों ने अपने पत्र में कहा कि बोइंग ने अपने संचालन के दौरान अमेरिकी धोखाधड़ी कानूनों के उल्लंघन को रोकने और पता लगाने के लिए मौजूदा निर्देशों को लागू करने में विफल रहकर अपने दायित्वों का उल्लंघन किया है।

अमेरिकी न्याय अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के उल्लंघन का मतलब है कि बोइंग पर दुर्घटनाओं से संबंधित संघीय कानून के किसी भी उल्लंघन के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है।

सरकार इस बात का मूल्यांकन कर रही है कि मामले में कैसे आगे बढ़ना है। इस मामले में बोइंग को 13 जून तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने लॉयन एयर फ्लाइट 610 और इथोपियन एयरलाइंस फ्लाइट 302 के दुर्घटनाग्रस्त होने में मारे गए लोगों के परिवारों से भी मिलने की योजना बनाई है।

दूसरी बोइंग एक समाचार एजेंसी को दिए बयान में कहा, हम पूरी पारदर्शिता के साथ विभाग के साथ सहयोग करेंगे, जैसा कि हमने समझौते की पूरी अवधि में किया है। इसमें अलास्का एयरलाइंस 1282 दुर्घटना के बाद उनके सवालों के जवाब देना भी शामिल है।

### 100 छोटे विमान खरीदेगी इंडिगो, कंपनी की एटीआर-एम्ब्रेयर और एयरबस से चल रही बात



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो 100 छोटे विमान खरीदने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क को बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसे छोटे विमान चाहिए। इस सौदे के लिए उसकी एटीआर, एम्ब्रेयर और एयरबस के साथ बातचीत चल रही है। इंडिगो पहले से ही 78 सीटों वाली 45 एटीआर-72 विमानों का संचालन कर रही है। हालांकि, एयरबस ए-220 और एम्ब्रेयर के ई-175 विमान भी होड़ में हैं। इंडिगो ने पिछले साल एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था, जो एविएशन के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर था। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अप्रैल में कहा था कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य 2030 तक एयरलाइन का आकार दोगुना करना है। इंडिगो की घरेलू एयर ट्रैफिक में 60 फीसदी हिस्सेदारी इंडिगो अंतरराष्ट्रीय मार्गों के बाद देश में अपने नेटवर्क को और मजबूत कर रह रही है। इससे पहले एयरलाइन ने 25 अप्रैल को 30 एयरबस ए-350-900 विमानों के ऑर्डर देने की घोषणा की थी। एटीआर के अलावा, इंडिगो के बेड़े में एयरबस ए-320 और ए-321 शामिल हैं। इंडिगो की भारत के घरेलू एयर ट्रैफिक में 60 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी कम आबादी वाले शहरों में अवसर देख रही है। हवाई अड्डे के बेहतर बुनियादी ढांचे और सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना से इन शहरों में एयर ट्रैफिक की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुछ जगहों पर आया बदलाव



**नई दिल्ली।**
**घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुछ जगहों पर अंतर आया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 82 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं। एक ओर असम, बिहार, छत्तीसगढ़ और हरियाणा समेत कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं, केरल, राजस्थान और तेलंगाना समेत अन्य प्रदेशों में नीचे आयी हैं।**

नोएडा में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.96 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.05 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.05 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़: पेट्रोल 94.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद: पेट्रोल 107.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.65 रुपये प्रति लीटर, जयपुर: पेट्रोल 101.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर, पटना: पेट्रोल 105.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.04 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ: पेट्रोल 94.56 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर पर है। चारों महानगरों में ईंधन की कीमतें पहले की तरह ही हैं।

### देश के सबसे बड़े बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन गिरफ्तार, सीबीआई की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वधावन को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उसे दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोपपत्र दायर कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि वधावन को एजेंसी ने यस बैंक भ्रष्टाचार मामले में पहले गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे। सीबीआई ने 17 बैंकों के कंसोर्टियम से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से संबंधित डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। इसे देश का सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी का मामला माना जाता है।

# चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी, मूडीज का अनुमान

**नई दिल्ली।**
**मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर ताजा अनुमान जारी किया है। रेटिंग एजेंसी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। तेज आर्थिक वृद्धि के साथ मजबूत ऋण मांग से एनबीएफसी क्षेत्र तेज रफ्तार से दौड़ेगा और इसकी लाभप्रदता को समर्थन मिलेगा।**

### अगले वित्त वर्ष में इसकी रफ्तार 6.2 फीसदी रहेगी



मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि हमें उम्मीद है कि मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इसके साथ ही अगले वित्त वर्ष में इसकी रफ्तार 6.2 फीसदी रह सकती है। इससे एनबीएफसी में मजबूत ऋण वृद्धि होगी। इस वजह से उनकी लाभप्रदता पर बढ़ती वित्तपोषण लागत का प्रभाव कम हो जाएगा।

### वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह है अनुमान

वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था के आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को लेकर मूडीज ने कहा कि मजबूत आर्थिक स्थिति उन्हें संपत्ति की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करेगी। हालांकि, ब्याज दरों में वृद्धि से उनके ग्राहकों पर कर्ज का बोझ बढ़ सकता है। भारत में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए वित्तपोषण की लागत बढ़ रही है, लेकिन देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि से प्रेरित ऋण मांग इस क्षेत्र को फायदा देगी।

# यात्री वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड 3.35 लाख के पार, कारों की 23 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।**
यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल, 2024 में सालाना आधार पर 1.3 फीसदी बढ़कर 3,35,629 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में देशभर में 3,31,278 यात्री वाहन बिके थे। हालांकि, पिछले माह कारों की बिक्री 23 फीसदी घटकर 96,357 इकाई रह गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,25,758 था। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में अप्रैल में 1,79,329 यूटिलिटी वाहन बिके थे। यह अप्रैल, 2023 में बिके 1,48,005 यूटिलिटी वाहनों की तुलना में 21 फीसदी अधिक है।



### उद्योग के लिए अच्छी शुरुआत

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी सेगमेंट ने अप्रैल, 2023 की तुलना में इस साल अप्रैल में वृद्धि दर्ज की है। मानसून में अधिक बारिश, चुनाव बाद नीतिगत निरंतरता, विनिर्माण व बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर से उद्योग को गति मिलेगी।

### दोपहिया वाहनों में 31 फीसदी उछाल

आंकड़ों के मुताबिक, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 31 फीसदी बढ़कर 17,51,393 इकाई पर पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में यह आंकड़ा 13,38,588 इकाई रहा था। मोटरसाइकिल की बिक्री पिछले महीने 34 फीसदी बढ़कर 11,28,192 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में थोक बिक्री 8,39,274 इकाई रही थी। इस अवधि में 4,64,389 स्कूटर बिके।यह आंकड़ा अप्रैल, 2023 के 5,81,277 इकाई से 25 फीसदी ज्यादा है। वैन की बिक्री 15 फीसदी बढ़कर 12,060 इकाई पहुंच गई। अप्रैल, 2023 में यह आंकड़ा 10,508 इकाई था। पिछले महीने 49,116 तिपहिया वाहन बिके। यह अप्रैल, 2023 के 42,885 इकाइयों से 14.5 फीसदी ज्यादा है।

# एलआईसी को मिली बड़ी राहत, सेबी के फैसले के बाद 5 फीसदी उछल गए शेयर

**नई दिल्ली।**
भारत जीवन बीमा निगम को सेबी द्वारा राहत मिली है। सेबी ने एलआईसी को एमपीएस को पूरा करने के लिए 3 साल का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले वित्त मंत्रालय ने एलआईसी को मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग जो 25 फीसदी है उसे पूरा करने के लिए 10 साल का समय दिया था।

अब कंपनी को मई 2032 तक मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग करना होगा। सेबी से मिली राहत के बाद एलआईसी के शेयर में तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 5 फीसदी तक चढ़ गए।

खबर लिखते वक्त एलआईसी के शेयर 975.50 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही कंपनी के शेयर 1000 रुपये हो जाएंगे। सेबी ने एलआईसी को क्यों दी राहत सेबी के नियमों के अनुसार एलआईसी को 25 फीसदी तक का मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग नियमों का पूरा करना है। एलआईसी के आईपीओ के जरिये सरकार ने 22.13 करोड़ से ज्यादा की हिस्सेदारी बेची थी। यह कंपनी की लगभग 3.5 फीसदी हिस्सेदारी होती है। इसके बाद कंपनी में सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है।




सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी में छोटे निवेशकों की कुल 25 फीसदी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

### क्या होता है मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग नियम

जब कोई कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट होती है तो उसके दो हिस्सेदार होते हैं। एक कंपनी का मालिक या प्रमोटर होता है और दूसरा पब्लिक यानी वो निवेशक जो कंपनी के शेयर खरीदते हैं।

आपको बता दें कि कंपनी को प्रमोट करने या फिर शुरू करने में जो लोग शामिल होते हैं उसे प्रमोटर कहते हैं। सेबी के नियमों के अनुसार कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 65 फीसदी से ज्यादा हो सकती है, लेकिन आम निवेशक की 25 फीसदी हिस्सेदारी होनी चाहिए। इसका मतलब है कि प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

जब कभी किसी कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 75 फीसदी से ज्यादा हो जाती है तो सेबी कंपनी को मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियम को पूरा करने के लिए समय देती है। इस समय के भीतर कंपनी को यह काम करना होता है। अगर कंपनी समय के भीतर इस काम को पूरा नहीं करता है तब सेबी उनके खिलाफ एक्शन ले सकता है।




# वेटलिफ्टर में दस लिफ्टर डोप में फंसे, पदक के लिए प्रतिबंधित शक्तिवर्धक ड्रग्स का प्रयोग किया

**नई दिल्ली ।**
पदक और नौकरी के लिए खेलों में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक ड्रग्स का चलन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस वर्ष जनवरी में ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में हुई राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में एक या दो नहीं 10 वेटलिफ्टर डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। ये सभी पदक विजेता हैं। इनमें सात पुरुष और तीन महिलाएं हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कुछ लिफ्टरों के सैंपल में तीन से चार तरह के प्रतिबंधित ड्रग्स का कॉकटेल मिला है। इनमें स्टेरायड, सार्म, स्टीमुलेंट सभी कुछ है। नाडा ने इन लिफ्टरों को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

**कम उम्र के हैं लिफ्टर** – हरियाणा के सोमनाथ और अनुष ने ईटानगर में 109 और 67 किलो में कांस्य पदक जीता। दोनों की उम्र 18 से 20 के बीच है, लेकिन इनका केस खेलों में घुसी डोपिंग की जड़ों और इसकी गंभीरता को बयां करता है। सोमनाथ के सैंपल में एनाबॉलिक स्टेरायड मिटेंडियोनॉन, ड्रॉस्टेनोलॉन, लिगेंड्रॉल (सार्म) और स्टीमुलेंट मिफेनटरमाइन पाया गया है। हाल-फिल्हाल में एक सैंपल में इतने प्रतिबंधित ड्रग्स मिलते नहीं देखे गए हैं। वहीं अनुष के सैंपल में ट्रेंबोलॉन, ओस्टारिन (सार्म), मिफेनटरमाइन मिले हैं। अन्य पॉजिटिव खिलाडियों में देवीश्री (आंध्र प्रदेश), सागर (बिहार), मृणमय गोगोई (असम), गौरव (पुलिस बोर्ड), राखी पुरोहित (राजस्थान), शीतल भाटी (हरियाणा), सुमित राजपूत (मध्य प्रदेश), सचिन पंवार (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं।

**दस प्रशिक्षकों पर भी लगा प्रतिबंध** – भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने भी राष्ट्रीय शिविर के बाहर बढ़ते डोप के मामलों पर संज्ञान लेते हुए 10 प्रशिक्षकों पर तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये उन 10 लिफ्टरों के प्रशिक्षक हैं, जो 2023 की नागरकोइल राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में डोप में फंसे थे। इनमें हरियाणा, यूपी के दो-दो और एक कोच सर्विसेज का भी है। इन पर 2026 तक का प्रतिबंध लगा है। ये महासंघ की प्रशिक्षण की किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं रह सकते हैं। महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव का कहना है कि शिविर के बाहर डोपिंग रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय शिविर में नाडा की निगरानी रहती है, लेकिन सीधे चैंपियनशिप में खेलने आ रहे लिफ्टरों को डोपिंग से रोकना चुनौती है।

## न्यूज ब्रीफ

### विराट को अगले सत्र में फिर कप्तान बनाये आरसीबी : हरभजन



**नई दिल्ली ।** पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से (आईपीएल) सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली को एक बार फिर टीम की कप्तानी दी जानी चाहिये। हरभजन के अनुसार विराट के पास टीम को आगे ले जाने की पर्याप्त क्षमता है। उन्होंने कहा कि विराट में जोश, प्रतिबद्धता और आक्रामकता का बढ़िया संयोजन है। विराट इस सत्र में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने अब तक 13 मैचों में 661 रन रन बनाये हैं और वह औरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं। विराट ने अब तक 155.16 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये है। विराट के कारण ही आरसीबी की टीम 13 मैच में 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान के साथ प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। हरभजन ने कहा, '' अगर वे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कप्तानी के लिए बदलाव करना चाहिये। ऐसे में विराट को ही कप्तानी दी जानी चाहिये। विराट को कप्तानी का काफी अनुभव है। उन्हें पता है कि टीम को किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, '' जिस प्रकार महेन्द्र सिंह धोनी बहुत आक्रामकता, बहुत जज्बे के साथ खेल रहे हैं और यही बात विराट के साथ भी है। मैं विराट को जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करते हुए देखना चाहूंगा।'' वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजायंट्स की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका के कप्तान के एल राहुल पर भड़कने को लेकर पूछे जाने पर हरभजन ने कहा कि ये चीजें टीम में अच्छे माहौल के लिए ठीक नहीं है।

### मनिका ने 15 स्थान की लगाई छलांग, शीर्ष 25 में पहुंचने वालीं पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गई और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। व्यक्तिगत और टीम श्रेणियों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु को हराकर उलटफेर किया था। यह पहली बार था जब कोई भारतीय महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में इतनी आगे बढ़ी। मनिका को इस प्रदर्शन के लिए 350 अंक मिले। उन्होंने कहा कि इससे जुलाई में होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक खेलों से ठीक पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करके शीर्ष 25 में पहुंचने से मेरी तैयारियों को बल मिलेगा। मैं पेरिस ओलंपिक में इस प्रदर्शन को बरकरार रखना और रैंकिंग में लगातार ऊपर जाना चाहूंगी । सुधार एक सतत प्रक्रिया है और मैं इसे लेकर प्रतिबद्ध हूं।

### नीरज मुकाबले में उतरेंगे; शॉटपुट में तूर, लंबी कूद में एल्ड्रिन और पोलवॉल्ट में रोसी को स्वर्ण

**भुवनेश्वर।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शॉटपुटर तेजिंदर पाल सिंह तूर और लॉन्ग जंपर जेस्विन एल्ड्रिन ने राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जरूर जीते, लेकिन पेरिस ओलंपिक का क्वालिफाइंग मार्क नहीं छू सके। नीरज चोपड़ा भुवनेश्वर पहुंच गए। वह मुकाबले में उतरेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रोसी मीना पॉलराज ने तीसरे दिन 4.05 मीटर की कूद लगाकर महिलाओं के पोलवॉल्ट में स्वर्ण पदक जीता। तूर का श्रेष्ठ 21.77 मीटर है, जबकि पेरिस ओलंपिक का क्वालिफाइंग मार्क 21.50 मीटर है, लेकिन वह यहां 20.38 मीटर के साथ स्वर्ण जीते। मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह (18.93) और यूपी के आर्यन त्यागी (18.07) ने रजत और कांस्य जीते। एल्ड्रिन ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण जीता। केरल के मोहम्मद अनीस ने 7.83 के साथ रजत और मध्य प्रदेश के आदित्य कुमार सिंह ने 7.81 मीटर के साथ कांस्य जीता। रोजी मीना ने 4.05 मीटर के साथ पोलवॉल्ट का स्वर्ण जीता। रोसी 4.21 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गई जो उन्होंने पिछले साल खुद बनाया था। तमिलनाडु की बारानिका इलांगोवेन ने रजत और केरल की मारिया जैसन ने कांस्य पदक जीता। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता नंदिनी अगासरा ने हेप्टाथेलॉन में स्वर्ण पदक जीता।

# पाक के अलावा विश्वकप के लिए शेष सभी टीमें घोषित

**मुम्बई ।**
पाकिस्तान को छोड़कर सभी अन्य देशों ने टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। टी20 विश्वकप दो जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम अभी आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे पर है और इसमें प्रदर्शन के आधार पर ही पाक बोर्ड विश्वकप के लिए टीम घोषित करेगा। पाक बोर्ड का मानना है कि इस दौरे से उसकी टीम को विश्वकप के लिए अभ्यास का अवसर मिलेगा। बांग्लादेश भी जिम्बाब्वे के साथ अभी टी20 सीरीज खेल रहा है। टी20 विश्वकप में 20 टीमों भाग ले रही है। इसमें से 18 टीमों ने अपने-अपने 15-15 खिलाड़ियों के दल की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने टीम घोषित करने की अंतिम तारीख 24 मई तय की है। माना जा रहा है कि उसी के पहले पाक और बांग्लादेश अपनी टीम घोषित करेंगे।




**अब तक घोषित 18 टीमें इस प्रकार हैं :**

**1 भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, ऋ षभ पंत, संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह. रिजर्व खिलाड़ी: शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद।

**2 ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, डेविड वॉर्नर, कैमरन ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू वेड, एश्टन एगर, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, एडम जम्पा।

**3 न्यूजीलैंड:** केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी. लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट, रिजर्व खिलाड़ी: बीन सियर्स।

**4 इंग्लैंड:** जॉस बटलर (कप्तान), मोइन अली (उप-कप्तान), फिल साल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन, क्रिस जॉर्डन, टॉम हार्टली, आदिल राशिद, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, रीस टॉपली।

**5 दक्षिण अफ्रीका:** एडेन माक्ररम (कप्तान), रीजा हेंड्रिक्स, ओटिनल बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, बेरोन फार्चूयुन, हेनरिक क्लासेन, मार्को यानसेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिक्लटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**6 श्रीलंका:** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका (उप-कप्तान), कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डिसिल्वा, दासुन शनाका, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेललागे, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराणा, दिलशान मधुशंका।

**7 वेस्टइंडीज:** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरन हेटमायर, रोस्टन चेज, ब्रेंडन किंग, निकलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, शमर जोसेफ, अकील होसेन, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड।

**8 अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती. मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक. रिजर्व खिलाड़ी: सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**9 आयरलैंड:** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग युवा।

**10 अमेरिका:** मोनांक पटेल (कप्तान), एरॉन जोंस, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर. रिजर्व खिलाड़ी: गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्राईस्डेल, यासिर मोहम्मद।

**11 नेपाल:** रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुरतेल, कुशल माल्ला, दीपेंद्र सिंह, करन केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, ललित राजबंशी, अबिनाश बोहरा, सागर धाकल, कमल सिंह।

**12 स्कॉटलैंड:** रिची बेरिंग्टन (कप्तान), मैथ्यू क्रॉस, ब्रैड करी, क्रिस ग्रीव्स, ओली हेयर्स, माइकल लीस्क, जैक जार्विस, माइकल जोन्स, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, चार्ली टियर, सफयान शरीफ, क्रिस सोल, मार्क वॉट और ब्रैड व्हील।

**13 पापुआ न्यू गिनी:** असद वाला (कप्तान), चार्ल्स एमिनी (उप कप्तान), एलेई नाओ, चाड सॉपर, हीरी हीरी, हिला वारे,जैक गार्डनर, जॉन करीको, काबुआ मोरेया, किप्लिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वानुआ, सेमा कामेया, सेसे बाओ, टोनी उरा।

**14 युगांडा:** ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उप-कप्तान), साइमन सेसाजी, कॉसमॉस क्युवुटा, दिनेश नकरानी, रोजर मुकासा, फ्रेड अचेलम, अल्पेश रमजानी, फ्रैंक नसुबुगा, हेनरी सेसेनडो, रॉबिन्सन ओबुया, बिलाल हसन, जुमा मियाजी, केनेथ वैसवा, रौनक पटेल. रिजर्व प्लेयर: इनोसेंट म्वेबेज, रोनाल्ड लुटाया।

**15 कनाडा:** साद बिन जफर, एरॉन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस कीर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)।

# पिता के सपने को साकार करने एथलीट बनी ज्योतिका



**भुवनेश्वर ।**
आंध्र प्रदेश के गोदावरी जिले की एथलीट ज्योतिका श्री डांडी ने पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश हासिल कर सभी का ध्यान खींचा है। ज्योतिका भारत की ओर से चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में क्वालीफाई करने वाली टीम की सदस्य हैं। वह डॉक्टर बनना चाहती थी पर उन्होंने पिता के सपने को पूरा करने खिलाड़ी बनीं। उनके पिता श्रीनिवास राव बॉडी बिल्डर रहे और उन्हें खेलों का शौक था। उन्होंने ही बेटी को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। श्रीनिवास का सपना अपनी बेटी को ओलंपिक में देखने का था जो तीन महीने से भी कम समय में पूरा हुआ है। ज्योतिका बहामास में आयोजित विश्व रिले में चार गुणा 400 मीटर रिले में ओलंपिक टिकट पक्का हासिल करने वाली भारतीय टीम में शामिल थीं फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची ज्योतिका ने कहा, 'मैंने दसवीं कक्षा में 97 फीसदी अंक हासिल किए थे। जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी। मैंने खेल में रुचि लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है। उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया। इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैंने उन्हें यह नहीं बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं क्योंकि मैं उन्हें खुश देखना चाहती थी। 2017 तक मुझे खेलों में रुचि नहीं थी पर 2020 के आसपास मैंने रुचि लेना शुरू कर दिया था। ज्योतिका ने कहा, 'मेरे पिता युवावस्था में बॉडीबिल्डर थे पर परिवार से सहयोग न मिलने के कारण उन्होंने खेल छोड़ दिया। अब वह एक व्यवसायी हैं। उन्हें खेलों में बहुत रुचि है और उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया और वह चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में भाग लूं। ज्योतिका ने कहा, 'उनकी (पिता) वजह से मुझे ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। वह हर चीज का ख्याल रखते हैं।

# गांगुली ने कहा , रोहित बड़े खिलाड़ी टी20 विश्वकप में फार्म हासिल कर लेंगे




**नई दिल्ली ।**
भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि रोहित शर्मा बड़े खिलाड़ी हैं। ऐसे में टी20 विश्वकप से पहले आईपीएल में उनके खराब फार्म को लेकर परेशान होने की जरुरत नहीं है। गांगुली के अनुसार रोहित एक बड़े खिलाड़ी हैं और वह टी20 विश्व कप 2024 में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

टी20 विश्वकप कप में रोहित भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। रोहित इसमें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करेंगे पर गांगुली ने कहा है कि रोहित को विराट कोहली के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। विराट सलामी बल्लेबाज के तौर पर आरसीबी के लिए शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और औरेंज कैच की दौड़ में सबसे आगे हैं।

गांगुली ने साथ ही कहा, भारतीय टीम बहुत अच्छी टीम है। रोहित विश्व कप में अच्छा खेलेंगे। वह बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा खेलते हैं। बड़े मंच पर वह अपने आप लय हासिल कर लेते हैं। रोहित ने इस सत्र के 13 मैचों में 349 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल है। उन्होंने ये शतक वानखेड़े के मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाया था हालांकि, टीम मुकाबला हार गई थी। इसके बाद के सभी मैचों में रोहित शर्मा संघर्ष करते नजर आए।

# टी-20 वर्ल्ड कप से पहले एक वार्म-अप मैच खेलेगा भारत: टीम रवानगी की तारीख बदली, पहला बैच 25 और दूसरा 26 मई को अमेरिका जाएगा

**नई दिल्ली ।**
टीम इंडिया अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले केवल एक वार्म-अप मैच खेलेगी। इस बार टीम की तैयारी बाकी आईसीसी टूर्नामेंट की पिछली तैयारियों से अलग है। पहले टीम हमेशा दो वार्म-अप मैच खेलती थी।

रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई भारत के वार्म-अप मैच को न्यूयॉर्क में आयोजित कराने का इच्छुक है क्योंकि टीम अपने चार ग्रुप-स्टेज मुकाबलों में से तीन न्यूयॉर्क के स्टेडियम में ही खेलेगी।

आईसीसी ने अभी तक वार्म-अप मैच का शेड्यूल जारी नहीं किया है, लेकिन इंग्लैंड और पाकिस्तान के भी दो अभ्यास मैचों में भाग लेने की संभावना नहीं है। वहीं बाकी टीमें दो-दो अभ्यास मैच खेलने के लिए तैयार हैं।

### दो बैच में रवाना होगी टीम इंडिया

टीम इंडिया वर्ल्डकप के लिए दो बैच में रवाना होगी। टीम की रवानगी में भी बदलाव हुआ है। टीम इंडिया का पहला बैच पहले आईपीएल लीग स्टेज के खत्म होने के तुरंत बाद 21 मई को न्यूयॉर्क के लिए रवाना होना था। लेकिन, अब पता चला है कि टीम 25 और 26 मई को दो बैचों में रवाना होगी। 26 मई को आईपीएल फाइनल में भाग लेने वाले खिलाड़ी बाद की तारीख में रवाना होंगे। पाकिस्तान से 9 जून को भिड़ेगी टीम इंडिया टीम इंडिया पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से होगा।



# स्टब्स अगले 5 वर्षों तक डीसी के लिए उपयोगी खिलाड़ी रहेंगे: प्रवीण आमरे

**नई दिल्ली ।**
जब दिल्ली कैपिटल्स मध्य ओवरों के चरण में केवल 63 रन बनाकर बच गई, तो ऐसा लग रहा था कि मेजबान टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 200 के अंदर ही सिमट जाएगी। लेकिन डीसी के नामित फिनिशर ट्रिस्टन स्टब्स ने नौ गेंदों में सात रन बनाने के बाद 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेलकर डीसी को 200 के पार पहुंचाया, जो अंतत: उनके अंतिम आईपीएल 2024 लीग मैच को 19 रनों से जीतने वाला स्कोर साबित हुआ। स्टब्स के देर से शानदार आक्रमण, जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल थे, की बदौलत मेजबान टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 72 रन बनाए, जिसमें 19वें ओवर में नवीन-उल-हक की गेंद पर 21 रन शामिल थे। स्टब्स के लिए यह डीसी रंगों में एक ब्रेकआउट आईपीएल रहा है, जिन्होंने अपने पिछले दो सीज़न मुंबई इंडियंस द्वारा सीमित मौके दिए जाने में बिताए थे। डीसी के सहायक कोच प्रवीण आमरे का मानना है कि स्टब्स आईपीएल में डीसी के लिए एक दीर्घकालिक संभावना है, शुरुआत में उन्हें हैरी ब्रूक के बैक-अप के रूप में रखा गया था, जो व्यक्तिगत कारणों से नहीं आए थे। बिल्कुल। अगर हैरी ब्रूक वहां होता तो स्टब्स के लिए संभावनाएं – वह वास्तव में ब्रूक का बैकअप था। इसीलिए मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण था (नीलामी में) कि हमने एक बहुत अच्छा बैकअप चुना। हमने देखा कि उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है दक्षिण अफ्रीका लीग में अच्छा प्रदर्शन किया, विजेता टीम की (सफलता) में अच्छा योगदान दिया और हमें पूरी उम्मीद थी कि वह (हमारे लिए काम कर सकता है)। उसने (दक्षिण अफ्रीका की) प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में भी तिहरा शतक जमाया। हमने देखा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो स्पिनरों के खिलाफ बहुत अच्छा खेल सकता है, और यह सबसे बड़ा प्लस था जो हमने देखा। वह ऐसा भी लगता है कि वह सफलता का बहुत भूखा है।वह बहुत शांत स्वभाव का है, वह हमेशा अपनी दिनचर्या बहुत अच्छी बनाता है और बहुत केंद्रित रहता है। आमरे ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं कह सकता हूं कि यह अगले पांच वर्षों के लिए (डीसी के लिए) खिलाड़ी है। इस मैच में उसने जो स्वभाव दिखाया है – पहली 10 गेंदों में उसने 6-7 रन बनाए थे। लेकिन, जैसा कि उसने कई बार पहले किया है,(जैसे) 20-22 गेंदों में अर्धशतक और यह हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण रहा है, वह 19वां ओवर जहां उन्होंने हमें 21 रन दिए, जिसने वास्तव में अंतर पैदा किया और हमारी जीत में बहुत मायने रखा। स्टब्स और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अलावा, अभिषेक पोरेल डीसी के लिए टूर्नामेंट की खोज रहे हैं – उन्होंने 33 गेंदों में 58 रन बनाए, पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से, जबकि मेजबान टीम के लिए शाई होप के साथ 92 रन की साझेदारी की। पावर-प्ले में 73 रन बनाए। आमरे का मानना है कि पोरेल ने पृथ्वी शॉ से पहले बल्लेबाजी की शुरुआत करने के मौकों का पूरा फायदा उठाया, जिन्हें डीसी ने 2022 मेगा नीलामी से पहले बरकरार रखा था।



वह (शॉ) हमारा रिटेन खिलाड़ी था और आखिरी मैच में वह बेंच पर भी था। लेकिन फिर, यह आपके लिए आईपीएल है जैसे कि आप फॉर्म में नहीं हैं, आप अंतिम एकादश में नहीं हैं क्योंकि टीम पर दबाव है। इसलिए, हर मैच महत्वपूर्ण है और हमें जीतना है। आमरे ने कहा, उन्हें खेलाए बिना, हमने मैच जीत लिया और उनकी जगह अभिषेक पोरेल ने मौके को दोनों हाथों से भुनाया और उन्होंने इस मैच में एक महत्वपूर्ण पारी खेली। जेक के जल्दी आउट होने के बावजूद, हम पावर-प्ले में 73 रन बनाने में सफल रहे। इसके लिए श्रेय उन्हें और शाई होप को जाता है और उनकी 92 रन की साझेदारी से भी मदद मिली। जीत में, इशांत शर्मा ने एलएसजी के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया और डीसी के 208/4 के सफल बचाव में 3-34 का आंकड़ा हासिल किया।

# बारिश में आंखों के इंफेक्शन से बचना हैं तो

## जरूर बरतें ये सावधानियां



बारिश के मौसम का मजा लेते समय अपनी आंखों का ध्यान रखना कभी न भूलें क्योंकि इस मौसम में जलवायु संक्रमित सूक्ष्मजीवों को प्रोत्साहित करता है। विशेषज्ञों के मुताबिक साफ तौलियों का उपयोग कर कंजक्टिवाइटिस, आंखों में गंदगी, सूखापन और कॉर्नियल अल्सर जैसे संक्रमणों से बचना जरूरी है।

ओजोन ग्रुप की मेडिकल कंसल्टेंट उमा सिंह, डॉक्सऐप के मेडिकल ऑपरेशंस के प्रमुख गोवरी कुलकर्णी, जैपलेल में क्रिएटिव हेड शैलजा मित्तल ने आंखों की समस्याओं से बचने के तरीके सूचीबद्ध किए हैं।

» अधिकांश आंखों के रोग आंखों के हाथ से संपर्क में आने पर होते हैं। इसलिए संक्रमण को कम करने या रोकने के लिए आंखों को छूने से पहले हाथ धो लें।

» अपनी आंखों को रगड़ने से बचें क्योंकि संक्रमण के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी बजाए, आंखों के आंसू या गंदगी साफ करने के लिए डिस्पोजेबल टिश्यूज का प्रयोग करें।

» बारिश में भीगने से बचें। हमेशा बारिश से बचने के लिए रेनकोट पहनें।

» अगर आपको में जलन हो, लाल हो या फिर आंखों से पानी गिर रहा हो तो कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग न करें।

» आंखों के आसपास ऐसे मेकअप प्रोडक्ट का यूज न करे जो कि एक्सपायर हो गए हों।

» अपने पर्सनल प्रोडक्ट किसी और से शेयर न करें। रूमाल, सनग्लासेस और कॉन्टेक्ट लेंस को किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें अत्यधिक संक्रामक संक्रमण हो सकते हैं।

बारिश के मौसम का मजा लेते समय अपनी आंखों का ध्यान रखना कभी न भूलें क्योंकि इस मौसम में जलवायु संक्रमित सूक्ष्मजीवों को प्रोत्साहित करता है। विशेषज्ञों के मुताबिक साफ तौलियों का उपयोग कर कंजक्टिवाइटिस, आंखों में गंदगी, सूखापन और कॉर्नियल अल्सर जैसे संक्रमणों से बचना जरूरी है। ओजोन ग्रुप की मेडिकल कंसल्टेंट उमा सिंह, डॉक्सऐप के मेडिकल ऑपरेशंस के प्रमुख गोवरी कुलकर्णी, जैपलेल में क्रिएटिव हेड शैलजा मित्तल ने आंखों की समस्याओं से बचने के तरीके सूचीबद्ध किए हैं।

» अधिकांश आंखों के रोग आंखों के हाथ से संपर्क में आने पर होते हैं। इसलिए संक्रमण को कम करने या रोकने के लिए आंखों को छूने से पहले हाथ धो लें।

» अपनी आंखों को रगड़ने से बचें क्योंकि संक्रमण के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी बजाए, आंखों के आंसू या गंदगी साफ करने के लिए डिस्पोजेबल टिश्यूज का प्रयोग करें।

» बारिश में भीगने से बचें। हमेशा बारिश से बचने के लिए रेनकोट पहनें।

» अगर आपको में जलन हो, लाल हो या फिर आंखों से पानी गिर रहा हो तो कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग न करें।

» आंखों के आसपास ऐसे मेकअप प्रोडक्ट का यूज न करे जो कि एक्सपायर हो गए हों।

» अपने पर्सनल प्रोडक्ट किसी और से शेयर न करें। रूमाल, सनग्लासेस और कॉन्टेक्ट लेंस को किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें अत्यधिक संक्रामक संक्रमण हो सकते हैं।

# कपड़े और फुटवियर ही नहीं पर्स भी मैचिंग हो तभी बनेगी बात









महिलाएं और लड़कियां चाहे जितनी भी खूबसूरत हों उनकी असली खूबसूरती श्रृंगार के बाद ही निखरती है। इसके लिए जितना संभव हो, वे सजती संवरती हैं। लेकिन सुंदर परिधान, मेकअप और गहनों के साथ मैचिंग पर्स न हो तो सारी खूबसूरती धरी रह जाती है। पर्स या बैग आज के युग में सिर्फ सुंदर दिखने का जारिया ही नहीं स्टेटस सिंबल भी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि महिला चाहे हाउस वाइफ हो या कामकाजी या स्कूल-कॉलेज जाने वाली, पर्स या हैंड बैग उनके फैशन के साथ-साथ आम जरूरतों को भी पूरा करने के लिए आवश्यक है।

जिस तरह कॉलेज की लड़कियों और कामकाजी महिलाओं के लिए गहने, वस्त्र, सैंडिल आदि जरूरी हैं, उसी तरह हैंड बैग और पर्स भी उनके लिए बेहद जरूरी हैं। इससे व्यक्तित्व को एक अलग लुक तो मिलता ही है, साथ ही रोजमर्रा में इस्तेमाल की जाने वाली छोटी-छोटी चीजों को भी संभाल कर इसमें आसानी से रखा जाता है। इसके अलावा यह उन्हें आधुनिक फैशन की कतार में भी खड़ा करता है। इसलिए जब भी आप पर्स या हैंड बैग खरीदने जाएं तब फैशन के अनुसार उनके चलन, उपयोगिता, डिजाइन और दूसरे उद्देश्य को ध्यान में रखकर खरीदें।

अगर आप कॉलेज जाती हैं और कामकाज से वास्ता रखती हैं, तो निश्चित ही आपको इस तरह के पर्स की आवश्यकता होगी, जिसमें आपके उपयोग का सारा सामान आसानी से आ सके। लेकिन इसके बावजूद इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी हाल में आप का पर्स बड़ा नहीं हो। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखें कि उसमें बहुत सारे खाने हों, जिससे आप अपनी जरूरतों का सामान अलग-अलग खाने में रख सकें, ताकि जरूरत पड़ने पर हर सामान आसानी से निकाल सकें। इसके लिए कैनवास और चमड़े के ऐसे कई बैग बाजार में उपलब्ध हैं जिसमें काफी समान रखा जा सकता है।

पर्स या बैग खरीदते वक्त इन बातों का खास ध्यान रखें। सबसे पहले तो पर्स का रंग, डिजाइन और आकार आपकी पसंद का हो, साथ ही कीमत का ध्यान भी रखें। पर्स का सही आकार का न होना आपकी शाख्सियत को प्रभावित करता है। अगर आप लंबी हैं तो बड़ा पर्स आपके व्यक्तित्व से मेल खाता है। आप कंधे पर लटकाने वाला बैग भी ले सकती हैं। अगर आप छोटे कद की महिला हैं तो बड़े साइज के पर्स या बैग हरगिज नहीं लें। छोटे कद की महिलाओं के लिए छोटे पर्स अच्छे और उनके व्यक्तित्व में निखार लाने वाले होते हैं।

आजकल जूट, रैगजीन, फाइबर और नायलॉन के बने पर्स हर वर्ग की महिलाओं की पहली पसंद हैं। शाम के समय सैर पर जाने या पार्टी वगैरह में जाने के लिए आप अलग तरह के फैंसी पर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको कई तरह के डिजाइन, सुनहरे और रूपहले काम के, कढ़ाई वाले मोतियों के काम के तथा सुनहरी चैन वाले पर्स बाजार में आसानी से मिल जाएंगे। ये पर्स अधिक बड़े नहीं होने चाहिए। केवल इतने ही बड़े हों कि आपके जरूरतों को पूरा कर सकें।

महिलाएं और लड़कियां चाहे जितनी भी खूबसूरत हों उनकी असली खूबसूरती श्रृंगार के बाद ही निखरती है। इसके लिए जितना संभव हो, वे सजती संवरती हैं। लेकिन सुंदर परिधान, मेकअप और गहनों के साथ मैचिंग पर्स न हो तो सारी खूबसूरती धरी रह जाती है। पर्स या बैग आज के युग में सिर्फ सुंदर दिखने का जारिया ही नहीं स्टेटस सिंबल भी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि महिला चाहे हाउस वाइफ हो या कामकाजी या स्कूल-कॉलेज जाने वाली, पर्स या हैंड बैग उनके फैशन के साथ-साथ आम जरूरतों को भी पूरा करने के लिए आवश्यक है। जिस तरह कॉलेज की लड़कियों और कामकाजी महिलाओं के लिए गहने, वस्त्र, सैंडिल आदि जरूरी हैं, उसी तरह हैंड बैग और पर्स भी उनके लिए बेहद जरूरी हैं। इससे व्यक्तित्व को एक अलग लुक तो मिलता ही है, साथ ही रोजमर्रा में इस्तेमाल की जाने वाली छोटी-छोटी चीजों को भी संभाल कर इसमें आसानी से रखा जाता है। इसके अलावा यह उन्हें आधुनिक फैशन की कतार में भी खड़ा करता है। इसलिए जब भी आप पर्स या हैंड बैग खरीदने जाएं तब फैशन के अनुसार उनके चलन, उपयोगिता, डिजाइन और दूसरे उद्देश्य को ध्यान में रखकर खरीदें। अगर आप कॉलेज जाती हैं और कामकाज से वास्ता रखती हैं, तो निश्चित ही आपको इस तरह के पर्स की आवश्यकता होगी, जिसमें आपके उपयोग का सारा सामान आसानी से आ सके। लेकिन इसके बावजूद इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी हाल में आप का पर्स बड़ा नहीं हो। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखें कि उसमें बहुत सारे खाने हों, जिससे आप अपनी जरूरतों का सामान अलग-अलग खाने में रख सकें, ताकि जरूरत पड़ने पर हर सामान आसानी से निकाल सकें। इसके लिए कैनवास और चमड़े के ऐसे कई बैग बाजार में उपलब्ध हैं जिसमें काफी समान रखा जा सकता है। पर्स या बैग खरीदते वक्त इन बातों का खास ध्यान रखें। सबसे पहले तो पर्स का रंग, डिजाइन और आकार आपकी पसंद का हो, साथ ही कीमत का ध्यान भी रखें। पर्स का सही आकार का न होना आपकी शाख्सियत को प्रभावित करता है। अगर आप लंबी हैं तो बड़ा पर्स आपके व्यक्तित्व से मेल खाता है। आप कंधे पर लटकाने वाला बैग भी ले सकती हैं। अगर आप छोटे कद की महिला हैं तो बड़े साइज के पर्स या बैग हरगिज नहीं लें। छोटे कद की महिलाओं के लिए छोटे पर्स अच्छे और उनके व्यक्तित्व में निखार लाने वाले होते हैं। आजकल जूट, रैगजीन, फाइबर और नायलॉन के बने पर्स हर वर्ग की महिलाओं की पहली पसंद हैं। शाम के समय सैर पर जाने या पार्टी वगैरह में जाने के लिए आप अलग तरह के फैंसी पर्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको कई तरह के डिजाइन, सुनहरे और रूपहले काम के, कढ़ाई वाले मोतियों के काम के तथा सुनहरी चैन वाले पर्स बाजार में आसानी से मिल जाएंगे। ये पर्स अधिक बड़े नहीं होने चाहिए। केवल इतने ही बड़े हों कि आपके जरूरतों को पूरा कर सकें।

## सुझाव



# सुंदर ही नहीं सेहतमंद भी बनाती है बिंदी

आमतौर पर महिलाएं ट्रेडिशनल लुक के लिए माथे पर बिंदी लगाती है, लेकिन आप जानती हैं कि माथे की बिंदी आपकी खूबसूरती बढ़ाने के साथ हेल्थ का भी ख्याल रखती है। शायद आपको इस बात को सुनकर आश्चर्य हो रहा होगा । लेकिन यह सच है आइए हम आपको बताते हैं कि बिंदी कैसे आपके सेहत की देखभाल करते हैं। भौंहों को बीच का ये हिस्सा बेहद संवेदनशील होता है। तनाव होने पर सबसे पहले हमारा यही हिस्सा दर्द करने लगता है। और बिंदी तनाव को कम करने में मदद करती है। बिंदी को भौंहों के बीच में लगाते हैं और यहां पर शरीर की सभी नसें एक साथ मिलती है। इसे अग्नि चक्र कहा जाता है। अगर आप बिंदी लगाती है तो आपका मन शांत रहता है और तनाव भी कम महसूस होता है।

### झुर्रियां कम आती है

बिंदी लगाने से चेहरे के मसल्स में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है इससे मसल्स लचीले और मजबूत होते हैं और झुर्रियां कम आती हैं। इसलिए अगर आपको झुर्रियां आने शुरु हो गई है तो आपको आज से ही बिंदी लगाना शुरु कर दें।

### अनिद्रा से बचाएं

अगर आपको अच्छी नींद नहीं आती है, तो आपके लिए बिंदी लगाना काफी फायदेमंद होगी। बिंदी लगाने से शरीर का ऊपरी भाग यानी चेहरा, गर्दन और पीठ के मसल्स को आराम मिलता है। जिससे अनिद्रा की समस्या दूर होती है।

### साइनस से आराम

बिंदी साइनस की समस्या को दूर करने में भी मदद करती है। इस जगह की मसाज होने से ब्लड सर्कुलेशन नाक के आस-पास अच्छी तरह से होने लगता है, जिससे साइनस के कारण होने वाले सूजन कम होती है और नाक खुली जाती है। इससे आपको बहुत आराम महसूस होता है।


### आंखों और कानों के लिए बेहतर



आइ मसल्स को मजबूत बनाने में बिंदी खूब काम आती है। बिंदी को माथे के बीचों-बीच लगाया जाता है और इस जगह की नसें और आंखों की नसों का आपस में गहरा कनेक्शन होता है। जो अगल-बगल देखने और स्पष्ट देखने में मदद करती हैं। इसके अलावा जो नस चेहरे के मसल्स को उत्तेजित करती है । वह कानों के भीतर की मसल्स से मजबूत करके कान को स्वस्थ रखने में मदद करती है। तो क्यों न सेहत से जुड़े इतने फायदों को देखते हुए आज से ही ट्रेडिशन लुक के साथ-साथ वेस्टर्न ड्रेसेज के साथ भी बिंदी को लगाया जाये।

# इन तरीकों से सजाएं अपना लिविंग रुम

लिविंग रुम घर का सबसे खास हिस्सा माना जाता है। यहां परिवार के सभी सदस्य बैठ कर समय बिता सकते हैं। ऐसे में अगर इसकी सजावट अच्छी हो तो महौल भी अच्छा बन जाता है। आप भी अपने लिविंग रूम को खास बनाना चाहते हैं तो इन टिप्स को आपनाएं।



### 1. दीवारें सजाएं

दीवारों को आप लाइट और डार्क कंबीनेशन के साथ पेंट करवाएं। आप इन पर आर्ट वर्क भी करवा सकते हैं। इससे रुम की लुक अच्छी आएगी।

### 2. कॉर्नर

लिविंग रूम के हर एक कोने को अच्छे से इस्तेमाल करें। आप कोनों पर कुर्सियां भी लगा सकते हैं।

### 3. सामान समेंट कर रखें

कमरे की सफाई अच्छे से करें और समान को यहां-वहां न बिखरा रहने दें। बच्चों के खिलौने,चाबिया,अखबारें,जूते और बाकी का छोटा-छोटा सामान इस्तेमाल करने के बाद जगह पर रख दें।

### 4. रोशनी का करें इंतजाम

अगर कमरे में अंधेरा लगता है तो इस कमी को पूरा करने के लिए लाइटिंग की जरूरत है। आप डीजाइनर लैंप के साथ भी इस रूम को सजा सकते हैं। इससे रोशनी भी बढ़ जाएगी और लुक भी अच्छी आएगी।

# सिगरेट नहीं छोड़ रही पीछा तो खाने शुरू करें ये आहार




स्मोकिंग की बुरी लत आजकल हर 5 में से 3 युवाओं में देखी जाती है। एक बार अगर यह बुरी आदत लग जाए तो छूटनी मुश्किल हो जाती है लेकिन वह इससे होने वाले नुकसान से अंजान है। इससे शरीर को बहुत नुकसान भुगतना पड़ सकता है। इस लत से छुटकारा पाने के लिए अपने आहार में इन चीजों को शामिल करके फायदा मिल सकता है।

### 1. ओट्स

ओट्स बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसको खाने से शरीर की चर्बी कम होने के साथ-साथ सिगरेट पीने की आदत को भी दूर हो जाती है। दिन में एक या दो बार इसका सेवन करने से सिगरेट पीने की लत से छुटकारा पाया जा सकता है। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है जो शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकालने का काम करते हैं। इसके साथ खूब सारा पानी पीएं। धीरे-धीरे सिगरेट पीने की आदत छूट जाएगी।

### 2. शहद

शहद भी बहुत लाभकारी होता हैं। इसमें प्रोटीन, विटामिन की मात्रा अधिक पाई जाती हैं। ऑर्गेनिक हनी का रोजाना 1 चम्मच खाने से फायदा मिलेगा।

### 3. मूली

मूली का सेवन करने से भी धूम्रपान से दूर रहा जा सकता है। इसे सलाद और सब्जी के रूप में भी खाया जा सकता है। यह चेन स्मोकर्स के लिए बहुत लाभकारी है।

### 4. मुलेठी

मुलेठी का प्रयोग खांसी जैसे रोगों को ठीक करने के लिए किया जाता हैं पर इसके अलावा सिगरेट पीने वालों के लिए यह वरदान हैं। मुलेठी के टुकड़े को मुंह में डालकर चूसने से स्मोकिंग की इच्छा कम हो जाती है। दिन में 1-2 बार मुलेठी का इस्तेमाल जरूर करें।

### 5. पानी

पानी शरीर के लिए बहुत ही गुणकारी होता हैं। इसको पीने से स्किन में चमक आती हैं, विषैले पदार्थ यूरिन के द्वारा बॉडी से बाहर निकल जाते हैं। हर रोज कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पीएं। इससे धूम्रपान की आदत छूटने लगती है।

## रेसिपी

### मिकस्ड वेजिटेबल्स



#### सामग्री

पीसकर मुलायम पेस्ट बनाने के लिए,1 कप कटा हुआ हरा धनिया, 2 टेबल-स्पून खड़ा धनिया,8 हरी मिर्च , कटी हुई, 12 लहसुन की कलियां, 4 टी-स्पून ज़ीरा, 4 इलायची, 5 लौंग, 25mm.(1) अदरक का टुकड़ा, 1/2 कप पानी, **अन्य सामग्री,** 3 कप कटी और उबली हुई मिली-जुली सब्जियां (गाजर , फण्सी और हरे मटर), 4 टेबल-स्पून तेल, 4 टेबल-स्पून कटे हुए काजू, नमक स्वादअनुसार, 3/4 कप दुध, 4 टेबल-स्पून फ्रेश क्रीम, 2 चुटकी शक्कर

#### विधि

गहरी कढ़ाई मे तेल गरम करें, काजू डालकर मध्यम आंच पर 2-3 मिनट या काजू के सुनहरे होने तक भून लें। छानकर रख दें। उसी तेल में तैयार किया हुआ पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर 1-2 मिनट तक भूने। मिली-जुली सब्जियां, नमक, दुध, क्रीम, शक्कर और तले हुए काजू डालकर अच्छी तरह मिलाएं और बीच-बीच मे हिलाते हुए 3-4 मिनट तक पकाएं। तुरंत परोसें।

### स्पिनॅच एण्ड चीज स्टफ्ड क्रैप्स



#### सामग्री

क्रैप्स् के लिए, 1/4 कप गेहूं का आटा, 1/4 कप मैदा, 1/4 कप दूध, 1 1/2 टेबल-स्पून पिघला हुआ मक्खन, नमक स्वादअनुसार, मक्खन , चुपड़ने और पकाने के लिए, स्पिनॅच एण्ड चीज भरवां मिश्रण के लिए, 1 कप बारीक कटा हुआ पालक, 1/4 कप कसा हुआ प्रोसेस्ड चीज, 2 टी-स्पून मक्ख़न, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1 टी-स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन, 1/4 कप बारीक कटे हुए टमाटर, नमक स्वादअनुसार

#### विधि

**क्रैप्स् के लिए:** सभी सामग्री को लगभग 3/4 कप पानी के साथ एक गहरे बाउल में अच्छी तरह मिलाकर मुलायम घोल बना लें। एक 100 मिमी (4) व्यास के नॉन-स्टिक पैन को थोड़े मक्खन से चुपड़ लें, 1/4 कप घोल डालकर, पैन को तुरंत गोल घुमा लें जिससे पैन में घोल अच्छी तरह फैल जाए। क्रैप को दोनो तरफ से, थोड़े मक्खन का प्रयोग कर लगभग 30 सेकेन्ड तक पका लें। बचे हुए घोल का प्रयोग कर 4 और क्रैप्स् बना लें। एक तरफ रख दें।

**स्पिनॅच एण्ड चीज़ भरवां मिश्रण के लिए:** एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में मक्ख़न गरम करें, प्याज और लहसुन डालकर, मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भून लें। पालक, टमाटर और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर, बीच-बीच में हिलाते हुए, 2 मिनट तक पका लें। चीज़ डालकर अच्छी तरह मिला लें। मिश्रण को 5 बराबर भाग में बांटकर एक तरफ रख दें।

**आगे बढ़ने की विधी:** क्रैप को समतल सूखी जगह पर रखें।

स्पिनॅच एण्ड चीज़ भरवां मिश्रण को क्रैड के बीच रखकर अच्छी तरह रोल कर लें। तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**